website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 90 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार, 11 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

**संक्षिप्त समाचार**

## शंकराचार्य के खिलाफ फिर पॉक्सो कोर्ट पहुंचे आशुतोष महाराज

- कहा-यात्रा सीतापुर पहुंचने से रोकी जाए, पीड़ित बटुक दहशत में

**प्रयागराज (एजेंसी)।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ एक बार फिर आशुतोष महाराज कोर्ट पहुंचे हैं। सोमवार को प्रयागराज स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में वाद दायर कर 'गौ प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध यात्रा' रोकने की मांग की है। उन्होंने



कहा– शंकराचार्य को सीतापुर पहुंचने से रोका जाए, क्योंकि उनके खिलाफ बयान दर्ज कराने वाले बटुक पड़ोसी हरदोई जिले के हैं। यात्रा से बटुक दहशत में हैं। इसी कोर्ट में आशुतोष महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बटुकों से यौन उत्पीड़न का वाद दाखिल किया था। दरअसल, शंकराचार्य ने 7 मार्च को काशी से अपनी यात्रा शुरू की थी। यात्रा रायबरेली, उन्नाव होते हुए शाम को सीतापुर पहुंचेगी। गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर यह यात्रा 11 मार्च को लखनऊ में समाप्त होगी। उधर, आशुतोष महाराज पर रविवार को चलती ट्रेन में हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों



के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने वारदात के वक्त ट्रेन में मौजूद 4 यात्रियों से पूछताछ भी की है। हालांकि, पूछताछ में क्या जानकारी सामने आई है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आशुतोष महाराज रीवा एक्सप्रेस से गाजियाबाद से प्रयागराज जा रहे थे। उनका रिजर्वेशन एसी फर्स्ट में था। सिराथू रेलवे स्टेशन के पास टॉयलेट के पास उन पर अज्ञात शख्स ने हमला किया था। धारदार हथियार से नाक काटने की कोशिश की थी। आशुतोष महाराज वही हैं, जिन्होंने शंकराचार्य के खिलाफ बटुकों से यौन उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज करवाई थी। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज का जन्म शामली के कांधला कस्बे के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनके पिता राजेंद्र पांडे दिल्ली रोड पर चलने वाली प्राइवेट बसों में कंडक्टर थे। आशुतोष महाराज कांधला के प्राचीन शाकुंभरी सिद्धपीठ मंदिर की कमेटी से जुड़े।

## शराब घोटाला केस में केजरीवाल और सिसोदिया को लगा झटका

- दिल्ली हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस फिर से देना होगा जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। आबकारी नीति मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी नेता मनीष सिसोदिया को नोटिस जारी किया है। इस मामले में सभी 23 आरोपियों से सीबीआई की



याचिका पर अपने जवाब दाखिल करने को कहा गया है। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। सोमवार को सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई और उसके जांच अधिकारी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियों पर रोक लगाई। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने राउज एवेन्यू कोर्ट को इस मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस की सुनवाई तब तक टालने का भी निर्देश दिया, जब तक कि ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर फैसला नहीं कर लिया जाता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मांग की थी कि हाईकोर्ट फिलहाल ये आदेश पास करे कि मनी लॉन्ड्रिंग वाले



केस पर राउज एवेन्यू कोर्ट के इस फैसले का असर नहीं पड़ेगा। तुषार मेहता ने कहा कि यह राष्ट्रीय राजधानी के सबसे बड़े घोटालों में से एक है। वैज्ञानिक जांच की गई और साजिश के हर पहलू को साबित किया गया है। इसके बाद, हाईकोर्ट ने साफ किया कि जब तक इस केस का उच्च न्यायालय में निपटारा नहीं हो जाता, तब तक निचली अदालत में दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर सुनवाई नहीं होगी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में 23 अन्य लोगों के साथ बरी कर दिया था।

## राहुल गांधी के 'कॉम्प्रोमाइज्ड PM' बयान पर संजय राउत का पलटवार, बोले– उनके पास आती हैं 'विस्फोटक जानकारियां'

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'कॉम्प्रोमाइज्ड प्रधानमंत्री' वाले बयान पर अब शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत की प्रतिक्रिया सामने आई है। मंगलवार (10 मार्च) को दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए राउत ने कहा कि राहुल गांधी के पास दुनिया भर से कई तरह की विस्फोटक जानकारियां आती हैं और इसी कारण सरकार उनका सामना करने से डरती है। संजय राउत ने कहा कि मोदी सरकार राहुल गांधी के सवालों का जवाब नहीं दे पाती और उनसे बचने की कोशिश करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब इतने गंभीर मुद्दे उठ रहे हैं तो प्रधानमंत्री मौन क्यों हैं।



**अविश्वास प्रस्ताव और संसद में चर्चा की मांग**

राउत ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर कहा कि यह मामला चलता रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों में यह मांग उठेगी कि ईरान-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध और भारत के आसपास के हालात पर सरकार अपनी स्पष्ट भूमिका बताए। उन्होंने कहा कि इन हालात का असर देश पर भी पड़ सकता है, खासकर महंगाई, ऊर्जा संकट और पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर। ऐसे मुद्दों पर चर्चा होना देशहित में है, लेकिन सरकार इस पर बात नहीं करना चाहती।

**'कौन सी शांति की बात हो रही है?'**

संजय राउत ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के शांति वाले बयान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ईरान से लेकर इजरायल, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक हर जगह तनाव और हिंसा का माहौल है। ऐसे में यह कहना कि शांति की बात हो रही है, समझ से परे है।

**प्रधानमंत्री के दौरे पर भी उठाए सवाल**

राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि युद्ध से पहले ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री वहां क्यों गए थे। उन्होंने ईरान में एक स्कूल पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें 150 से ज्यादा छोटी बच्चियों की मौत हुई, लेकिन क्या भारत सरकार ने उस पर दुख जताया? उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर को लेकर भी कई तरह की खबरें आईं, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## राज्यसभा चुनाव 2026: तेजस्वी यादव को झटका, AIMIM ने बैठक से बनाई दूरी

पटना। राज्यसभा चुनाव 2026 को लेकर बिहार की राजनीति गरमा गई है। इस बीच राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव के लिए एक झटका देने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम (AIMIM) ने आरजेडी की अहम बैठक से दूरी बना ली है, जिससे महागठबंधन की रणनीति पर असर पड़ सकता है। मंगलवार को तेजस्वी यादव ने अपने आवास पर राज्यसभा चुनाव को लेकर पार्टी के विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक बुलाई। इस बैठक में आलोक मेहता, भोला यादव सहित कई नेता पहुंचे। बताया जा रहा है कि बैठक में राज्यसभा चुनाव की रणनीति और समर्थन जुटाने को लेकर मंथन किया जा रहा है। हालांकि इस बैठक से एआईएमआईएम ने दूरी बना ली। पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा कि उन्हें इस बैठक की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह तेजस्वी यादव की पारिवारिक बैठक है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव से पूछा जाना चाहिए कि क्या उन्हें हमारी जरूरत है या नहीं। अख्तरुल ईमान ने बताया कि पहले तेजस्वी यादव से इस मुद्दे पर बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का उच्च सदन में कोई प्रतिनिधि नहीं है, इसलिए हमने समर्थन के बदले सहयोग की बात रखी थी। तेजस्वी यादव ने उस समय दिल्ली से लौटकर बात करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई बातचीत नहीं हुई है। गौरतलब है कि बिहार से राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए करीब 41 वोटों की जरूरत होती है, जबकि महागठबंधन के पास कुल 35 विधायक ही हैं। ऐसे में एआईएमआईएम का रुख आरजेडी के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है।

## बिहार सीएम नीतिश का चाणक्य दांव!

- राज्यसभा के लिए नामांकन के बाद आज से करेंगे समृद्धि यात्रा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को यूं ही नहीं राजनीत का चाणक्य कहा जाता है। ये तो लगता है कि किसी दबाव में नीतिश कुमार राज्यसभा के दरवाजे दस्तक देने जा रहे हैं। ऐसा नहीं होता तो नीतिश कुमार बतौर सीएम कई कार्यक्रम की सहमति ही क्यों देते। 10 मार्च से शुरू समृद्धि यात्रा तो ये बानगी भर है। खुद नीतिश कुमार ने लगभग एक माह तक आश्वासन देते हुए कहा था कि अभी देखूंगा ही न! बीजेपी के समर्थकों नीतिश



कुमार के राज्यसभा नामांकन के बाद जिस तरह से जश्न मनाया, उससे तो यही लगा कि अब बीजेपी का खुल्ला खेल फर्रुखाबाद शुरू हो जाएगा। ऐसा मानने वाले को अभी नीतिश कुमार की सीमांचल यात्रा तक इंतजार करना चाहिए।

**सीएम क्यों कर रहे सीमांचल यात्रा, बना सस्पेंस–** राज्यसभा के लिए नामांकन करने के बाद नीतिश कुमार चाहते तो सीएम पद के पावर का इस्तेमाल करने से इनकार भी कर सकते थे। नीतिश कुमार समृद्धि यात्रा से किनारा भी कर सकते थे। लेकिन हाल के दिनों में गृह मंत्री अमित शाह के सीमांचल आने के बाद बिहार को और भी छोटा राज्य बनाने की खबर सुर्खिया बन रही थी। हुआ ये कि तब मीडिया में यह खबर भी चली कि अमित शाह बंगाल और बिहार के कुछ जिलों को जोड़ कर एक नया राज्य या केंद्र शासित प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं।

## बेटियों को नए मौकों से पीछे नहीं रहने देंगे

- पीएम मोदी ने एआई ऑटोमेशन पर फोकस का दिया जोर

**कहा-भारत इनोवेशन वाली इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत अब तेजी से एक इनोवेशन-ड्रिवन इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है। हमारे एजुकेशन सिस्टम को रियल-वर्ल्ड इकोनॉमी की जरूरतों के साथ और मजबूती से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डिजिटल इकोनॉमी को भविष्य के लिए जरूरी बताया। पीएम मोदी ने कहा कि लंबे समय की ग्रोथ बनाए रखने के लिए भारत को एआई, ऑटोमेशन, डिजिटल इकोनॉमी और डिजाइन-बेस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे उभरते सेक्टरों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल लेवल पर प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए इन विषयों को प्राथमिकता देना जरूरी है।

**एजुकेशन-एम्प्लॉयमेंट के बीच की दूरी कम होगी–** प्रधानमंत्री ने शिक्षा और रोजगार के बीच सीधा संबंध बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हमें अपने एजुकेशन सिस्टम को रियल इकोनॉमी से जोड़ने की प्रोसेस को और तेज करना होगा।'

- **हेल्थकेयर-स्पोर्ट्स को भी प्राथमिकता देंगे–** पीएम ने हेल्थ सेक्टर पर बात करते हुए कहा कि सरकार एक प्रिवेंटिव और होलिस्टिक हेल्थकेयर सिस्टम पर काम कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का काफी विस्तार हुआ है। इसके साथ ही स्पोर्ट्स को अब राष्ट्रीय विकास का एक प्रमुख स्तंभ माना जा रहा है, जिसके लिए देशभर में खेल सुविधाओं को मजबूत किया गया है। इस वेबिनार की थीम 'सबका साथ सबका विकास– लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना' रखी गई। इस कार्यक्रम का मकसद बजट में की गई घोषणाओं को जमीन पर उतारने के लिए सरकारी विभागों के साथ मिलकर ठोस रणनीति बनानी है।

## बंगाल पहुंचे सीईसी ज्ञानेश कुमार, कालीघाट में की पूजा

- लोगों ने गो-बैक के पोस्टर लहराए, काले झंडे भी दिखाए

कोलकाता (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार शाम को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने कोलकाता पहुंचे। 3 दिन चलने वाली चुनाव आयोग की फुल बेंच मीटिंग के बीच सोमवार को ज्ञानेश कुमार कालीघाट में पूजा करने पहुंचे। मंदिर के बाहर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने गो बैक के पोस्टर और काले झंडे दिखाए। इसके पहले रविवार



को भी कोलकाता पहुंचने पर कुछ लोग उनके काफिले के सामने झंडे लेकर पहुंचे और नारेबाजी करते दिखे। इधर, बीजेपी के एक डेलीगेशन ने सोमवार को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की फुल बेंच से मुलाकात की और मांग की कि 2026 का पश्चिम बंगाल असेंबली चुनाव तीन फेज में ही कराया जाए। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को खत्म होने वाला है। 294 सीटों पर अप्रैल में चुनाव होने की उम्मीद है। 2021 में टीएमसी ने 215 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। ममता बनर्जी मुख्यमंत्री चुनी गई थीं।

## बातचीत से हल निकलेगा, हम शांति के पक्ष में हैं

**इजरायल-ईरान जंग पर भारत की कड़ी नजर, संसद में बोली सरकार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में केंद्र सरकार ने सोमवार को पश्चिम एशिया के तनाव पर आधिकारिक बयान दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में इजरायल-ईरान युद्ध पर बयान देते हुए कहा कि खाड़ी देशों में हालात चिंताजनक हैं और भारत शांति के पक्ष में है। संसद में पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में बयान देते हुए कहा कि 28 फरवरी से क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और खाड़ी के कई देशों में हालात चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मुद्दे पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में भी विस्तार से चर्चा की गई थी और सभी संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा,पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम




सभी के लिए गहरी चिंता का विषय हैं और भारत का मानना है कि किसी भी विवाद का समाधान संवाद और कूटनीतिक प्रयासों से ही निकाला जाना चाहिए। सरकार ने हालात पर नजर रखने के लिए एक स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाया है जो क्षेत्र में मौजूद भारतीयों से संपर्क बनाए रखने व सहायता उपलब्ध कराने का काम कर रहा है।

- **भारतीय दूतावास और राजनयिक दिन-रात कर रहे काम–** उन्होंने यह भी बताया कि ईरान में फंसे भारतीय छात्रों को दूतावास के जरिए मदद दी गई और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल किया गया। कई छात्रों को आर्मेनिया के रास्ते भारत लाने की व्यवस्था की गई। विदेश मंत्री ने कहा कि संकट के समय भारतीय दूतावास और राजनयिक मिशन दिन-रात काम कर रहे हैं ताकि जरूरतमंद भारतीयों तक मदद पहुंचाई जा सके। राज्यसभा में बयान के दौरान उन्होंने कहा कि कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन समेत खाड़ी क्षेत्र के कई देशों में भारत सक्रिय रूप से संपर्क बनाए हुए है। जिन भारतीयों को सहायता की जरूरत है, उनके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खाड़ी देशों के नेताओं से बातचीत की है और राजनयिक माध्यमों से लगातार संवाद जारी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क करना मुश्किल है।

### स्पेशल कंट्रोल रूम बनाया गया: विदेश मंत्री

विदेश मंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि सभी मुद्दों के समाधान के लिए बातचीत और विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राज्यसभा में कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से भारत सरकार वहां की स्थिति का लगातार आंकलन कर रही है। स्पेशल कंट्रोल रूम बनाया गया है। भारत शांति के पक्ष में है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत शांति, संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान का समर्थक है तथा मौजूदा परिस्थितियों में तनाव कम करने, संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की वकालत करता है। जयशंकर ने बताया कि खाड़ी देशों में करीब 1 करोड़ भारतीय रह रहे हैं। हम भारतीयों से लगातार संपर्क में है।

## ईरान जंग से कच्चा तेल 2022 के बाद सबसे महंगा

**115 डॉलर के पार निकला, 150 डॉलर तक पहुंच सकती है कीमत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए हैं। 9 मार्च को ये 25 फीसदी बढ़कर 116 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार निकला था। क्रूड ऑयल बढ़ने की सबसे बड़ी वजह 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का




20 फीसदी हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 फीसदी कच्चा तेल और 54 फीसदी एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में, ईरान ने कतर, सऊदी अरब और कुवैत की ऑयल फैसिलिटीज पर ड्रोन हमले किए हैं। इन हमलों के कारण इन देशों को अपने उत्पादन में कटौती करनी पड़ी है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने धमकी दी है कि वे क्षेत्र के अन्य ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बनाएंगे।

**कच्चा तेल 10 दिन में 60 फीसदी चढ़ा–** ब्रेंट क्रूड आज 25 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 116 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। 28 फरवरी को शुरू हुई जंग के बाद से अब तक 10 दिन में कच्चा तेल करीब 60 फीसदी महंगा हो चुका है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग के दौरान ये 100 डॉलर के पार निकला था। जानकारों का मानना है कि तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। ये 5 से 6 रुपए लीटर तक महंगा हो सकता है। हालांकि



भारत सरकार का कहना है कि हमारे पास पर्याप्त तेल है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह बैकअप इतना है कि अगर सप्लाई पूरी तरह रुक भी जाए तो भी देश की पूरी सप्लाई चेन 7 से 8 हफ्तों तक आसानी से चल सकती है। यानी आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कमी की ज्यादा चिंता नहीं है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया था कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट दी जा रही है।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### नीतीश का अप्रत्याशित कदम

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

# जेन-जी का वैचारिक 'यू-टर्न': आधुनिकता के दौर में फिर बढ़ी 'आज्ञाकारी पत्नी' की चाहत, बुजुर्गों से भी ज्यादा रूढ़िवादी हुए युवा पुरुष

## - इप्सोस और किंग्स कॉलेज लंदन की 29 देशों में बड़ी रिसर्च; 33% युवा चाहते हैं फैसलों में पति की अंतिम रजामंदी, समानता के बढ़ते दबाव से पुरुष परेशान



जयपुर | रॉयल पत्रिका डेस्क आमतौर पर माना जाता है कि 1997 के बाद पैदा हुई 'जेन-जी' (Gen-Z) पीढ़ी तकनीक और विचारों के मामले में सबसे आधुनिक और उदार है। लेकिन, इप्सोस और किंग्स कॉलेज लंदन द्वारा 29 देशों के 23,000 लोगों पर किए गए एक वैश्विक सर्वे ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। शोध के चौंकाने वाले नतीजे बताते हैं कि आज के युवा पुरुष अपने दादा-परदादा (बेबी बूमर्स) के मुकाबले कहीं ज्यादा रूढ़िवादी और पारंपरिक सोच की ओर लौट रहे हैं। आज्ञाकारिता की मांग: पुरानी पीढ़ी से भी आगे निकले युवा सर्वे में यह बात सामने आई है कि पारिवारिक ढांचे और वैवाहिक जीवन को लेकर युवाओं की सोच अब पुरानी पीढ़ी से भी पीछे जा रही है। पति की सत्ता: करीब 33% जेन-जी पुरुष मानते हैं कि पत्नी को पति की बात माननी चाहिए, जबकि 'बेबी बूमर' पीढ़ी (1946-64) में केवल 13% पुरुष ही ऐसा सोचते थे। अंतिम फैसला: हर तीसरे युवा (33%) का कहना है कि घर के बड़े और अहम फैसलों में अंतिम सहमति केवल पति की ही होनी चाहिए।

युवतियों की राय: चौंकाने वाली बात यह है कि केवल लड़के ही नहीं, बल्कि 18% जेन-जी युवतियां भी यह मानती हैं कि पत्नी को पति की आज्ञा का पालन करना चाहिए। समानता का बोझ: 59% युवक बोले- उम्मीदें ज्यादा बढ़ीं लैंगिक समानता (Gender Equality) के प्रयासों को लेकर नई पीढ़ी के पुरुषों में एक तरह का असंतोष और तनाव देखा जा रहा है।

भारी अपेक्षाएं: 59% जेन-जी पुरुषों का मानना है कि समानता के नाम पर अब उनसे जरूरत से ज्यादा उम्मीदें की जा रही हैं, जिससे वे दबाव महसूस कर रहे हैं। महिलाओं का समर्थन: इस बात से 41% जेन-जी महिलाएं भी इत्तेफाक रखती हैं कि पुरुषों पर अपेक्षाओं का बोझ बढ़ा है। सोच का विरोधाभास: सफल करियर पसंद, पर आजादी नहीं? सर्वे में युवाओं की सोच का एक अजीबोगरीब दोहरापन (Paradox) भी निकलकर सामने आया है: करियर का आकर्षण: 41% युवा मानते हैं कि सफल करियर वाली महिलाएं पुरुषों को ज्यादा 'आकर्षक' लगती हैं।

स्वतंत्रता पर अंकुश: दूसरी ओर, 24% जेन-जी पुरुष चाहते हैं कि महिलाएं बहुत ज्यादा स्वतंत्र या आत्मनिर्भर न दिखें। यानी वे एक सफल जीवनसाथी तो चाहते हैं, लेकिन उसकी स्वतंत्रता को एक दायरे में देखना पसंद करते हैं।

विशेषज्ञों की राय: आखिर क्यों बढ़ रही है रूढ़िवादिता? 'ग्लोबल इंस्टीट्यूट फॉर विमेन्स लीडरशिप' की निदेशक हीजुंग चुंग के अनुसार, युवाओं में अपनी सामाजिक स्थिति (Social Status) खोने का एक अनजाना डर समा गया है। उन्हें लगता है कि बढ़ती लैंगिक समानता उनके पारंपरिक अधिकारों को कम कर रही है। वहीं, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पीएम जूलिया गिलार्ड ने इसे गंभीर बताते हुए कहा है कि युवा पुरुष न केवल महिलाओं पर पाबंदियां लगा रहे हैं, बल्कि खुद को भी सख्त और पुराने सांचों में कैद कर रहे हैं।

जयंती विशेष
श्वेता गोयल



## छत्रपति शिवाजी : दुर्गों के सम्राट, जनमन के देवता

भारतीय इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था। उन्होंने दासता की बेड़ियों को काटकर आने वाली पीढ़ियों के मानस में आत्मसम्मान और राष्ट्रवाद का वह अक्षय दीप प्रज्ज्वलित किया, जो आज भी अडिग है। भारतीय परंपरा में महापुरुषों की जयंती अक्सर हिंदू पंचांग की तिथि के अनुसार भी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार शिवाजी महाराज का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 6 मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर 6 मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहीं है, बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है। शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था। किशोरावस्था में ही शिवाजी ने यह समझ लिया था कि विदेशी और अन्यायपूर्ण शासन के अधीन रहकर जनकल्याण संभव नहीं। मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया। 1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1674 में रायगढ़ किले में उनका भव्य राज्याभिषेक हुआ और वे 'छत्रपति' की उपाधि से अलंकृत हुए। यह केवल एक राजतिलक नहीं था बल्कि पराधीन मानसिकता के विरुद्ध स्वतंत्रता का औपचारिक उद्घोष था। आज जब हम शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हैं तो यह केवल अतीत की वीरता को दोहराने का क्षण नहीं है बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए दिशा ग्रहण करने का अवसर है। शिवाजी महाराज का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां भी महान नेतृत्व को जन्म दे सकती हैं और स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं बल्कि सांस्कृतिक आत्मगौरव और नैतिक साहस का नाम है तथा सच्चा शासक वही है, जो अपनी प्रजा के सुख-दुख को अपना समझे। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन भारतीय अस्मिता का अमर प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व इतिहास के पृष्ठों में सीमित नहीं है बल्कि जनमानस में जीवंत है।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग बहुमूल्य उपहार



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए। बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत खुश था। बोला, अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया, उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बजट में महंगाई को तवज्जो नहीं

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने प्रदेश के बजट में महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए महिला कल्याण के लिए 28,183 .06 करोड़ आवंटित किए हैं। हालांकि, इस बजट में महंगाई व रसोई को तवज्जो नहीं दी गई, जबकि यह अत्यंत जरूरी था। बजट में महंगाई पर लगाम लगाए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रसोई गैस व अन्य सामग्री सस्ती करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। रही बात, महिला सशक्तीकरण की तो वह योजनाएं धरातल पर उतरने पर ही इनकी सार्थकता है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ रोजगार के भी प्रावधान जरूरी हैं। इस मामले में नए महिला थाने व एंटी टेररिस्ट स्क्वायड में महिला कमांडो को शामिल करना सराहनीय कदम है।

-रूहिश, रोहतक

## ट्रेंड

### भारत-यूरोप संबंध



आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर वेस्ट एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं।

- किरण रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री

### फिनलैंड से समझौता



फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। दोनों देशों के इनोवेशन इकोसिस्टम को जोड़ने के लिए आज हमने फिनलैंड के साथ एक व्यापक प्रवासन और गतिशीलता समझौता किया है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### तेल आपूर्ति खतरे में



भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40% से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### कांग्रेस ने वादे नहीं निभाए



कांग्रेस ने 2024 में भी संभावित प्रत्याशियों से पैसे लिए और टिकट न मिलने पर कई के पैसे वापस नहीं किए। इस बार भी वही खेल दोहराया जा रहा है। जो पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं से किए वादे नहीं निभा पाती, वह जनता की उम्मीदों को कैसे पूरा करेगी?

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

### युद्ध से इज़राइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर का नुकसान



यरुशलम। ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण आर्थिक गतिविधियों पर मौजूदा प्रतिबंधों के चलते इजराइल को हर सप्ताह लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब तीन अरब अमेरिकी डॉलर) का नुकसान होने की संभावना है। इजराइली वित्त मंत्रालय ने यह चेतावनी दी है। "टाइम्स ऑफ इजराइल" की एक खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैफर को भेजे पत्र में आर्थिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का आग्रह किया है ताकि बृहस्पतिवार से कारोबार और कार्यस्थलों को आंशिक रूप से चरणबद्ध तरीके से खोला जा सके। रोम ने पत्र में कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के अनुरूप रक्षा नीति बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था को बंद रखने से भारी आर्थिक लागत उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाधान खोजने की जरूरत है जो घरेलू सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की जरूरतों को भी ध्यान में रखे। रोम ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी और युद्ध के प्रभावों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पहले ही भारी आर्थिक दबाव झेल रही है। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान शुरू किए जाने के तुरंत बाद इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे।

## ऑफ बीट

### अमेरिका में पहली बार गांधी की प्रतिमा का अनावरण



न्यूयॉर्क/सिएटल। अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं। मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर इस आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को उपहार स्वरूप प्रदान करने के लिए वाणिज्य दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया। इस कार्यक्रम में मोंटाना राज्य के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें मोंटाना विश्वविद्यालय के संकाय और छात्र, साथ ही 'मोंटाना वर्ल्ड अफेयर्स काउंसिल' के सदस्य शामिल थे। बाद में शाम में मोंटाना विश्वविद्यालय के छात्रों ने भारत के रंगों के त्योहार - 'होली' को मनाने वाले एक अन्य अनूठे कार्यक्रम में भाग लिया।

# आधारभूत सुविधाओं का सुनियोजित विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

## -गांव से लेकर शहर तक का समग्र एवं योजनाबद्ध विकास हो सुनिश्चित- भजनलाल शर्मा



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधारभूत सुविधाओं का सुनियोजित विकास कर आमजन के जीवन को बेहतर बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लेकर सभी विभाग समन्वय से कार्य करें, ताकि आमजन को समयबद्ध रूप से पूरा लाभ पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 'विकसित राजस्थान@2047' के विजन के अनुरूप योजनाबद्ध विकास के लिए प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर से लेकर शहरी नगर निकाय एवं जिला स्तर तक के लिए मास्टर प्लान की कार्ययोजना बनाकर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने कहा कि 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राउंड जीरो पर जाकर पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का सर्वे किया जाए, जिससे संसाधनों का अधिकतम सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क, सीवरेज, शुद्ध पेयजल और निर्बाध विद्त आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी अवसंरचना विकास से जुड़ी योजनाओं और नीतियों का केंद्र बिंदु है। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवासन, स्वायत शासन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं राजस्व विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राजस्थान कैम्पा की बैठक आयोजित

## -कार्यों में तकनीकी नवाचारों को सम्मिलित करते हुए समय पर फील्ड विजिट करें

## -232.18 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राजस्थान प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण ;राजस्थान कैम्पाद्ध की संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने राजस्थान कैम्पा के कार्यो का उचित दस्तावेजीकरण, कार्यों के क्रियान्वयन में तकनीकी नवाचारों को सम्मिलित करने तथा समय-समय पर फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कैम्पा के कार्यों की प्रभावी निगरानी एवं उल्लेखनीय कार्यों की सक्सेज स्टोरी तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कैम्पा की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 का भी विमोचन हुआ जिसमें राज्य में कैम्पा के अन्तर्गत किये प्रमुख कार्यों एवं उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख प्रस्तुत किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजस्थान कैम्पा की प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान की गई जिसकी कुल राषि 232.18 करोड़ रुपये है। उल्लेखनीय है कि कैम्पा का उद्देश्य गैर-वन भूमि एवं अवनत वन भूमि पर प्रतिपूरक वनीकरण, वनों, वन्यजीवों एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, सुरक्षा एवं प्रबंधन को सुद्दढ करने के लिए फील्ड स्टाफ हेतु आधारभूत संरचनाओं के विकास से संबधित कार्य करना है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग श्रीमती श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव टीएडी कुंजीलाल मीणा, शासन सचिव एवं आयुक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग वे. सरवण कुमार प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) पी. के. उपाध्याय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) सुश्री षिखा मेहरा, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक क़े.सी. अरूण प्रसाद, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी (वन संरक्षण अधिनियम) श्रीमती टी.जे. कविथा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि तथा वित्त, योजना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, राजस्व, जनजाति क्षेत्रीय विकास आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम की सख्त कार्रवाई:

## हवामहल-आमेर जोन में अनाधिकृत भवन को बिना स्वीकृति के निर्माण करने पर 2 भवनों को किया सीज



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम जयपुर ने सोमवार को हवामहल-आमेर जोन में बड़ी कार्रवाई अंजाम दी। जोन टीम ने निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देश पर अनाधिकृत भवन को बिना स्वीकृति के निर्माण करने पर सीज कर दिया। इस संबंध में जोन उपायुक्त सीमा चैधरी ने बताया कि हैरिटेज स्वरूप से छेड़छाड़ कर अनाधिकृत भवन को बिना स्वीकृति के निर्माण करने पर सीज किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में भवन स्वरूप के विपरीत एवं अनाधिकृत निर्माण करने वालों के खिलाफ लगातार आ रही षिकायत एवं निर्माण कार्य बन्द नहीं करने पर दो अनाधिकृत भवन/मकान को सीज किया गया। 1. चन्द्रषेखर आजाद कॉलोनी, स्किम नंबर 03, मीणा कॉलोनी नाले के पास, चैकड़ी हवाली शहर शर्की शुमाली, जयपुर में प्रथम व द्वितीय फ्लोर का अनाधिकृत निर्माण करने, 2. चन्द्रषेखर आजाद कॉलोनी, मीणा कॉलोनी नाले के पास, जयपुर में प्रथम फ्लोर का अनाधिकृत निर्माण करने पर स्थित दोनों भवनों के विरूद्ध सीजर की कार्रवाही की गई। उन्होंने बताया कि निर्माणकर्ता को पहले नोटिस जारी किया गया लेकिन निर्माणकर्ता के द्वारा लगातार निर्माण कार्य जारी रहने पर सीजर की कार्रवाही की गई।

जोन निरीक्षण के दौरान कई व्यापारिक प्रतिष्ठान बिना सक्षम स्वीकृति और बिना इजाजत निर्माण करते पाए गए थे। मामले की गंभीरता देखते हुए निगम की टीम तुरंत हरकत में आई और मौके पर ही चार दुकानों को सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई हवामहल-आमेर जोन उपायुक्त सीमा चैधरी, सतर्कता शाखा, भवन शाखा एवं जोन टीम द्वारा की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निशात हुसैन को किया सम्मानित



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जयपुर में डॉ. अंबेडकर उत्थान परिषद द्वारा 8 मार्च को एक छठा सर्व समाज नारी गौरव सम्मान 2026 का आयोजन किया गया । जिसमें नेशनल वूमेन वेलफ़ेयर सोसाइटी की अध्यक्ष निशात हुसैन को "नारी गौरव सम्मान 2026" से सम्मानित किया गया ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान पुलिस अकादमी में महिला जनसुनवाई का शुभारंभ




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस वर्ष के अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नई पहल की है। इसके अन्तर्गत देशभर में 9 से 14 मार्च तक महिला सुनवाई अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने के साथ उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करना है। जयपुर में इस अभियान का नेतृत्व व निर्देशन करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर पधारी हैं। उन्होंने सोमवार को जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर 9 से 14 मार्च तक महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत देश के लगभग 500 जिलों में महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के माध्यम से करीब 15 हजार महिलाओं की शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला जनसुनवाई जैसे कार्यक्रम महिलाओं को अपनी बात रखने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करते हैं तथा इससे उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान में मदद मिलती है। इस दौरान श्रीमती विजया रहाटकर ने जयपुर जिले के 22 पंजीकृत केस एवं 31 अपंजीकृत केस का मौके पर ही निस्तारण करवाया। श्रीमती रहाटकर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रकार की जनसुनवाई से महिलाओं को न्याय दिलाने की प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस आयुक्त जयपुर सचिन मित्तल, पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण श्रीमती राशी डोगरा डुडी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनकी शिकायतों का समाधान किया।

# रोजा ऐसी इबादत है जो गुनाहों से बचाती है



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। इस्लाम धर्म के सबसे अफजल आला महीने में अल्लाह को राजी करने के लिए इबादत में बच्चे भी पिछे नही है। मोहल्ला तोपचिवाडा निवासी शाबीर खान की लडकी इकरा व लड़का मोहम्मद ज़ैद ने जीवन में पहला रोजा रखा हौसला बढाने के लिए परिवार एवं समाज के लोगों ने उपहार दिये और माला पहनाकर दुआओं से नवाजा मोहसिन खान ने कहा की रोजा ऐसी इबादत है जो गूनाहो से बचाती है। उन्होंने कहा की छोटे बच्चे भी 14 घण्टे का रोजा रख कर अपने रब को राजी कर अपनी हसरत पुरी कर रहे है। इस खुशी में हाजी सहीद खान ने कहा कि रोजा अनुशासन का पाठ पढ़ाता हैं उन्होंने कहा कि लगभग 14 घण्टे तक रोजेदार बिना कुछ खाए पिए रहते है। इकरा व मोहम्मद ज़ैद ने बताया कि वो अपने रब को राजी करने के लिए रोजा रखा हैं उपस्तीथ लोगों ने कहा कि इनके जज्बे को सलाम करते है। शाम को मगरिब की अज़ान लगने पर इकरा व मोहम्मद ज़ैद ने खिजुर से रोजा खोलकर ख़ुदा का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर हाजी गफ्फार खान, महबुब खान, रफिक खान, हाजी सहीद खान, मुस्तकीम खान,शाहीद खान, जाहीद खान, हाजी साज़िद खान, शाबीर खान, आबीद खान, हनिस खान, आफताब खान, ज़ावेद खान, आरिफ खान, मोहसिन खान, साहील खान, इरशाद खान, रिहान खान, अयान खान,सरफराज खान, मोहम्मद असफाक, फरहान खान, मोहम्मद वाजीद खान, मोहम्मद अमान खान, अजलान खान, तैमूर खान, अरसलान खान, नबील खान, अरशद खान, आसिम खान, मोहम्मद अज़र खान, आलिया व आयत माहेनूर, अलफीया, असमीरा व अरिदा, अलिशा,ईलमा ,इनाया, इफरा, आदी ने मुबारकबाद दी।

# बिटकॉइन माइनिंग में निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन साइबर ठग गिरफ्तार



जयपुर। जयपुर दक्षिण पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह बिटकॉइन माइनिंग में निवेश कर भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लोगों से करोड़ों रुपये ठग रहा था। पुलिस के अनुसार गिरोह अब तक करीब 244 लोगों से लगभग 10 करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज, आईपीएस ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के तहत साइबर सेल जयपुर दक्षिण और थाना श्याम नगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस गिरोह का पर्दाफाश किया है।

**सोशल मीडिया के जरिए करते थे ठगी**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से लोगों को बिटकॉइन माइनिंग में निवेश का लालच देते थे। वे "bitmine.world" नामक एक इंटरनेशनल कंपनी के मल्टी लेवल नेटवर्क मार्केटिंग प्लान का हवाला देकर लोगों को जोड़ते थे और 16 प्रतिशत मासिक मुनाफा देने का वादा करते थे। गिरोह का सरगना अविनाश शर्मा नकद राशि से USDT (क्रिप्टोकरेंसी) खरीदकर मलेशिया भेजता था। वहां बैठे उसके साथी निवेश से जुड़े झूठे वीडियो और माइनिंग सर्वर रूम दिखाकर लोगों का विश्वास जीतते थे।

**5 महीने पहले दर्ज हुई शिकायत**

इस मामले में 9 मार्च 2026 को पंचशील कॉलोनी, पुरानी चुंगी निवासी दिलीप सिंह राजावत (39) ने थाना श्याम नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उन्हें बिटकॉइन माइनिंग में निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा दिया और खुद के लाखों रुपये निवेश होने की बात कहकर भरोसा दिलाया। आरोपियों के झांसे में आकर उन्होंने 2,27,500 रुपये फोनपे के माध्यम से निवेश कर दिए। बाद में जब उन्हें शक हुआ और उन्होंने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने इनकार कर दिया। इस पर पुलिस ने प्रकरण संख्या 106/2026 में धारा 318(4) और 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**होटल में मीटिंग के दौरान दबोचे गए आरोपी**

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा (आरपीएस) के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त सुनील शर्मा (आरपीएस) के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। टीम ने साइबर सेल और जिला विशेष टीम की मदद से तकनीकी विश्लेषण कर साक्ष्य जुटाए और किंग्स रोड स्थित होटल पद्मावती पैलेस में मीटिंग के दौरान अविनाश शर्मा, चमन सिंह और जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

**मलेशिया कनेक्शन की जांच जारी**

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह का नेटवर्क बेंगलुरु और मलेशिया से संचालित हो रहा था। मुख्य आरोपी अविनाश शर्मा की दो आईडी में करीब 1.98 करोड़ डॉलर का लेन-देन पाया गया है। पुलिस के अनुसार गिरोह ने प्रकरण दर्ज होने के बाद तुरंत सर्वर डाउन कर दिया और निवेशकों को प्लेटफॉर्म से बाहर कर दिया। मामले में मलेशिया में मौजूद आरोपियों के सहयोगियों और अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# मिशन 'हरियालो राजस्थान' के तहत आगामी मानसून में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य में हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित मिशन "हरियालो राजस्थान" के तहत आगामी मानसून-2026 में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को शासन सचिवालय में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024 से 2028 तक राज्य में कुल 50 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी हितधारक विभाग राज्य स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करें तथा नवगठित जिलों के अनुसार जिलावार लक्ष्य निर्धारित कर जिला कलेक्टरों के साथ समन्वय स्थापत करते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि व्यापक पौधारोपण के माध्यम से राज्य में हरित आवरण बढ़ाने, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मिशन "हरियालो राजस्थान" महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम को जनभागीदारी से जोड़ते हुए विभिन्न विभागों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों तथा स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि इस अभियान को व्यापक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए तीन-स्तरीय टास्क फोर्स व्यवस्था बनाई गई है। इसके तहत राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टास्क फोर्स, जिला स्तर पर जिला कलेक्टर तथा उपखण्ड स्तर पर उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के लिए विस्तृत समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसके अनुसार 31 मार्च 2026 तक पौधारोपण स्थलों का चयन किया जाएगा। अप्रैल से जून 2026 के दौरान गड्ढे खोदने, फेंसिंग सहित अन्य तैयारियाँ की जाएंगी। 15 जून से 15 जुलाई के बीच नर्सरियों से पौधों की खरीद की जाएगी तथा 1 जुलाई से सितम्बर 2026 तक राज्यभर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। आनंद ने जानकारी दी कि वन विभाग की नर्सरियों में वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 626.10 लाख पौधों की तैयारी की जा रही है, जबकि वन भूमि पर पौधारोपण के लिए अतिरिक्त 200 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग पौधारोपण गतिविधियों की जानकारी नियमित रूप से "हरियालो" ऐप पर अपलोड करें, ताकि कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। आनंद कुमार ने अवगत कराया कि वर्ष 2024 में "मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान" के अंतर्गत 7 करोड़ पौधारोपण लक्ष्य के विरुद्ध 7.22 करोड़ पौधे लगाए गए। इसी प्रकार मानसून-2025 में 10 करोड़ लक्ष्य के मुकाबले 11.74 करोड़ से अधिक पौधारोपण कर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि प्राप्त की गई।वहीं वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विभागों को कुल 10 करोड़ पौधारोपण लक्ष्य आवंटित किया गया है।

# अवैध निर्माणों के ध्वस्तीकरण के लिए जेडीए के जीरो टॉलरेंस अभियान का हुआ आगाज़

## - प्रवर्तन दस्ते ने सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

## - 30 करोड़ की 15 बीघा बेशकीमती भूमि सहित तीन स्थानों से हटाए अवैध निर्माण



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार, अतिक्रमण एवं अनियमितताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस और सुशासन के विजन के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों के प्रभावी ध्वस्तीकरण के लिए विशेष जीरो टॉलरेंस अभियान प्रारम्भ किया है। जयपुर विकास प्राधिकरण के इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्रीमती शिल्पा चौधरी ने बताया कि आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशानुसार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम माचवां, जिला जयपुर के खसरा नं. 457/1077 मे करीब 1.5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गये कमरा, टीनशेडनुमा संरचना, बाउण्ड्रीवाल, अन्य सामान डालकर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर किये गये अतिक्रमण को प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 की मौजूदगी में आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को जेडीए की योजना 'देव विहार' के खसरा नंबर 748 में स्थित करीब 15 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इस भूमि पर अतिक्रमियों द्वारा कच्चे-पक्के मकान, टीनशेड, लेटबाथ, बाउंड्रीवाल, झुग्गी-झोपड़ियां, छप्परपोश, सीमेंट के पिल्लर गाड़कर तारबंदी व कांटों की बाड़ लगाकर तथा मिट्टी के बर्तन व भट्टियां रखकर अवैध कब्जा कर लिया गया था। जेडीए के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीनों व मजदूरों की सहायता से इन सभी अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया। जेडीए अधिकारियों के अनुसार, मुक्त करवाई गई इस बेशकीमती सरकारी भूमि की अनुमानित कीमत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसी प्रकार रविवार को जोन-5ए के क्षेत्राधिकार में अवस्थित त्रिवेणी नगर के पास 10बी विस्तार योजना के भूखण्ड संख्या 45 में अवैध निर्माण किये जाने पर पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 08.03.2026 को उक्त अवैध निर्माण के प्रवेश द्वारों को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटो की दिवार चुनवाकर ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त शुक्रवार को भी जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कालवाड रोड ग्राम मुण्डोता, जिला जयपुर मे जेडीए स्वामित्व की करीब 06 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर सिमेन्ट के पिल्लर गाडकर तारबंदी कर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर किये गये अतिक्रमण को प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 की मौजूदगी में आज जोन- 12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम निवारू के पास, जिला जयपुर के खसरा नं. 281 व 294 मे करीब 03 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिटटी-ग्रेवल सडकें निमार्णाधीन दो प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# दौसा जिले में गर्मियों में पक्षियों के लिए लगाए जाएंगे 20 हजार परिंडे, निराश्रित पशुओं की सुरक्षा के लिए चलेगा अभियान

## -जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविन्द शर्मा ने दिए निर्देश

**शफीक अली**

दौसा (रॉयल पत्रिका)। दौसा अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविन्द शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति दोसा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गर्मी के मौसम को देखते हुए जिलेभर में पक्षियों के लिए अगले सप्ताह से बड़े स्तर पर परिंडे लगाने अभियान शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विगत बैठक के निर्णयों की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बिंदुवार एजेंडा पर चर्चा की। उन्होंने विभिन्न विभागों को गर्मियों को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के संरक्षण के लिए विभागवार परिंडे लगाने के लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से जिले में करीब 20 हजार परिंडे लगाने तथा उनमें प्रतिदिन पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित स्वयंसेवी लोगों सहित कर्मचारियों को पाबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मियों में पशुओं के लिए भी पानी की समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सड़क किनारे घूमने वाले निराश्रित गोवंश पर रिफ्लेक्टर बेल्ट लगाने के निर्देश दिए, ताकि रात्रि के समय सड़क दुर्घटनाएं





नहीं हो और पशुओं की हानि को रोका जा सके। मीटिंग के दौरान जिला पशु क्रूरता निर्माण समिति सदस्य अवधेश कुमार अवस्थी ने बताया कि पशु एम्बुलेंस की उपलब्धता नहीं होने तथा दुर्घटनाग्रस्त व बीमार गोवंश को उपचार के लिए ले जाते समय पशु चिकित्सालय की पर्ची के आधार पर टोल से मुक्त नहीं करने की समस्या आने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर अरविंद कुमार शर्मा ने संबंधित टोल कंपनी के अधिकारी को ऐसी घटनाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ संपूर्ण सूचनाओं नहीं लाने पर टोल प्राधिकरण के कर्मचारी अधिकारी को नोटिस जारी करने का निर्देश जारी किए उन्होंने कहा कि घायल पशुओं को तत्काल निकटतम पशु चिकित्सालय में उपचार उपलब्ध कराकर निकटतम गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए। बैठक में नगर परिषद, नगरपालिकाओं, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परिवहन विभाग एवं पशुपालन विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने तथा निराश्रित गोवंश को नंदीशाला बीड, दौसा में आश्रय के लिए भिजवाने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद दौसा को आसपास के क्षेत्रों से घायल एवं बीमार गोवंश का उपचार कराकर उन्हें गौशाला एवं नंदीशाला में भेजने तथा पशुपालन विभाग को पात्र गौशालाओं के गोवंश को बाहर नहीं छोड़ने के लिए गौशाला प्रबंधकों को पाबंद करने के निर्देशित करने को कहा गया। इसके साथ ही नगर परिषद दौसा एवं बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय दौसा को निराश्रित कुत्तों के लिए रेबीज टीकाकरण अभियान शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक प्रहलाद मीणा, उप निदेशक राधेश्याम मीणा, परिवहन विभाग के डीटीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य अवधेश कुमार अवस्थी एवं गौसेवक सुशील शर्मा उपस्थित रहे।

# इंडेन गैस एजेंसियों की मनमानी से आमजन परेशान

## -सिलेंडर के साथ जबरन पाइप और रेगुलेटर लेने का आरोप

**विनोद सोखल**

श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। श्रीगंगानगर जिले में इंडेन गैस एजेंसियों की कथित मनमानी से आमजन परेशान नजर आ रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पर जाने पर उन्हें केवल सिलेंडर नहीं दिया जाता, बल्कि गैस पाइप और रेगुलेटर भी साथ में खरीदने के लिए दबाव बनाया जाता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके पास पहले से ही पाइप और रेगुलेटर मौजूद हैं, इसके बावजूद एजेंसी कर्मचारी नए पाइप और रेगुलेटर लेने के लिए मजबूर करते हैं। यदि उपभोक्ता इन अतिरिक्त सामानों को लेने से मना करते हैं तो उन्हें गैस सिलेंडर देने में आनाकानी की जाती है या फिर तरह-तरह के बहाने बनाए जाते हैं। ग्राहकों का आरोप है कि एजेंसी संचालक इस तरीके से आम लोगों से अतिरिक्त पैसे वसूल रहे हैं। गैस सिलेंडर के



साथ पाइप और रेगुलेटर लेने के नाम पर उपभोक्ताओं से सैकड़ों रुपये अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं, जिससे खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस एजेंसियों की इस मनमानी पर संबंधित विभाग को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। उपभोक्ताओं ने प्रशासन और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से मांग की है कि गैस एजेंसियों की जांच करवाई जाए और यदि कहीं अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि मौजूदा शासन में गरीबों की समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि न तो प्रशासन इस मामले पर गंभीरता से संज्ञान ले रहा है और न ही संबंधित अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई कर रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इंडेन गैस एजेंसी संचालकों की इस कथित मनमानी पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कब तक संज्ञान लेता है और आम लोगों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

# चूरू महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर नगर परिषद में पत्रकारों के साथ बैठक आयोजित

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर आगामी प्रस्तावित चूरू महोत्सव को भव्य और व्यवस्थित रूप देने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर परिषद सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं प्रशासक अर्पिता सोनी तथा नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य चूरू महोत्सव के प्रचार-प्रसार, कार्यक्रमों के स्वरूप और जन-भागीदारी बढ़ाने को लेकर मीडिया जगत के सुझाव प्राप्त करना था। बैठक में अर्पिता सोनी ने कहा कि चूरू महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय मीडिया के अनुभव और सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



तैयारियों पर चर्चा नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने महोत्सव की प्रारंभिक रूपरेखा साझा की और बताया कि प्रशासन का प्रयास है कि इस बार के आयोजन में नवाचारों के साथ-साथ स्थानीय लोक कला और संस्कृति को प्रमुखता दी जाए। मीडिया की भूमिका उपस्थित पत्रकारों ने महोत्सव के दौरान यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, स्थानीय कलाकारों को मंच देने और पर्यटकों की सुविधा को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। प्रशासक एवं आयुक्त ने विश्वास दिलाया कि मीडिया से प्राप्त सकारात्मक सुझावों को आयोजन की कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा ताकि चूरू महोत्सव न केवल जिले बल्कि प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सके।

# नन्हे आशाज रंगरेज ने रखा पहला रोजा

बारां (रॉयल पत्रिका)। रहमतों बरकतों ओर इबादतों का पाकीज़ा महीना रमजानुल मुबारक के पाक महीने में मजहब ए इस्लाम के मानने वाले तमाम लोग रोजा रख कर इबादतों में मशगूल है। रमजान के मौके पर बुजुर्ग, नोजवान, महिला, पुरुष रोजा रख रहे हैं वहीं नन्हे बच्चे भी रोज़ा रखकर इबादत में मशगूल है। जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व अध्यक्ष शाहिद कुंडी ने बताया कि रविवार को उनके भांजे कोटा निवासी महबूब अली के 8 वर्षीय बेटे आशाज रंगरेज ने सुबह सेहरी करके रोजा रखा। दिन भर परिवार के साथ इबादत में मशगूल रहा। शाम को



मगरिब की अज़ान के साथ रोजा अफ्तार किया। परिवार के बाकी लोगों को रोज़े रखते देखकर छोटे बच्चे भी रोज़े रखकर इबादत में मशगूल रहते हैं। रमजान के पाक महीने में पूरे इलाके ओर परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहता है।

# नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

सरदारशहर (रॉयल पत्रिका)। नाबार्ड सहायक महा प्रबन्धक (जिला विकास) जी एल निर्वाण द्वारा सरदार शहर पंचायत समिति सभागार में राजीविका के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का आयोजन किया गया जिसमें राजीविका के एसएचजी की महिलाओं को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में एलडीएम राहुल देव गोले, श्रीमती सरोज नायक, सीडीपीओ, श्रीमती रमन जोधा, कृषि वैज्ञानिक केवीके, सरदार शहर, श्रीमती अनामिका जाखड़, शाखा प्रबन्धक, आरजीबी, सरदार शहर, भगवान सिंह राजपुरोहित, बीपीएम राजीविका, सरदार शहर एवं अन्य पदाधिकारी सहित विभिन्न गांवों से आई समहों की महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम के शुरुआत में सरस्वती माँ की पूजा की गई तत्पश्चात महिलाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का केक काटा गया। निर्वाण ने इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं को रोजबड़ देकर स्वागत किया और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया जिसमें श्रीमती नायक ने महिलाओं को स्वयं को और अपने परिवार को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं सशक्तिकरण हेतु उद्यम स्थापित करने की सलाह दी। गोले द्वारा महिलाओं को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं एवं बैंक ऋण से व्यावसायिक गतिविधियां करने हेतु अवगत कराया। श्रीमती जोधा द्वारा महिलाओं को केवीके के द्वारा आयोजित विभिन्न उद्यमिता गतिविधियों में भाग लेकर छोटे छोटे उद्यम स्थापित किए जा सकते है। समूह की महिलाएं ट्रेनिंग के उपरांत कृषि सखी, पशु सखी के रूप में आय सृजित कर सकती है। भगवान सिंह



द्वारा राज्य सरकारा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि राजीविका के द्वारा अंतिम छोर पर बैठे गरीब परिवारों को एसएचजी से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। निर्वाण ने बताया कि हमें महिलाओं और सशक्त एवं सक्षम बनाने की जरूरत है जिससे वे हर फील्ड में समान अवसर प्राप्त कर सके। महिलाओं में शैक्षणिक, आर्थिक, स्वास्थ्य एवं रोजगार के प्रति जागरूकता बढ़ी है आज विभिन्न उच्च पदों पर महिलाएं पदस्थ है। तथापि महिलाओं को समानता के साथ और आगे बढ्ने के अवसर देने की जरूरत है जिससे सभी बच्चियों को उच्च शिक्षा और रोजगार के समान अवसर मिल सके। उन्होने नाबार्ड की विभिन योजनाओं जैसे एमईडीपी, एलईडीपी, ई-कॉमर्स डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनिंग, एफपीओ, रुरल मार्ट, रुरल हाट, केंटीन संचालन, कैफे, प्रीमियम कैफे, फ्रूट एवं वेजीटेबल कियोस्क अनुदान बेस्ड क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं स्टार्टअप्स है जो मेले, प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की और राजीविका से अनुरोध किया कि वे ऐसे कार्यक्रमों एवं स्टार्टअप्स के प्रस्ताव नाबार्ड को प्रस्तुत करें जिससे समूहों की महिलाओं को उद्यम स्थापित करने एवं आय सृजित करने के अवसर मिल सके। अंत में सभी महिलाओं को गिफ्ट स्वरूप मेमेंटों प्रदान किया गया।

# रोजा सिर्फ इबादत नहीं, सेहत का भी रहस्य - डॉ. अख्तर खान

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर डॉ. अख्तर खान B P T फिजियोथैरेपिस्ट निदेशक स्टे रिलैक्स्ड फिजियोथैरेपी हॉस्पिटल भरतीया कुएं के सामने नई सड़क चूरू ने माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा की रमजान का पाक महीना मुस्लिम समुदाय के लिए खास अहमियत रखता है। यह सिर्फ इबादत और आत्मसंयम का समय नहीं है कोलेस्ट्रॉल कम करने से लेकर मानसिक शांति तक के फायदे है। यह सिर्फ इबादत और आत्मसंयम का समय नहीं है। बल्कि वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहद फायदेमंद माना जाता हैं। रमजान के दौरान रखे जाने वाले रोजा (उपवास) से शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान उपवास रखने से शरीर को डिटॉक्स करने का अवसर मिलता है। जिससे कोलेस्ट्रॉल कम होता है और मोटापे व गैस जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। शरीर के लिए फायदेमंद है रोजा डॉ. अख्तर खान के अनुसार, वर्ष भर शरीर



में जो अतिरिक्त ऊर्जा और चर्बी जमा होती रहती है। रोजा रखने से उसे नियंत्रित करने में मदद मिलती है। यह एक तरह से शरीर की प्राकृतिक सफाई प्रक्रिया को तेज करता है. पाचन तंत्र को आराम देता है। इसके अलावा, ब्लड शुगर का स्तर संतुलित रहता है। जिससे मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है।तरावीह से भी मिलता है स्वास्थ्य लाभ रमजान में विशेष रूप से अदा की जाने वाली तरावीह की नमाज न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है. बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। नमाज पढ़ने के दौरान जो हरकतें होती हैं. वे एक प्रकार के हल्के व्यायाम का काम करती हैं. इससे मांसपेशियों में लचीलापन आता है. जोड़ों का दर्द कम होता है और रक्त संचार बेहतर होता है। डॉ. खान ने बताया कि वैज्ञानिक शोध भी यह साबित कर चुके हैं। कि नियमित रूप से हल्की शारीरिक गतिविधियां हृदय और मस्तिष्क के लिए फायदेमंद होती है। मानसिक और आध्यात्मिक लाभ भी मिलता है। रोजा केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन बनाये रखने में भी सहायक है. उपवास से आत्मसंयम बढ़ता है. जिससे तनाव और चिंता कम होती है. रमजान के दौरान लोग अधिक धैर्यवान और संवेदनशील बनते हैं. जिससे सामाजिक और पारिवारिक रिश्ते भी मजबूत होते हैं। रमजान के महीने में दान -पुण्य का भी बड़ा ही महत्व है। धनवान लोग अपनी कमाई का ढाई परसेंट दान निकलते हैं और गरीबों की सहायता करते हैं। माहे रमजान के पूरे रोजे रखने के बाद में अल्लाह ताला तोहफे के रूप में ईद का त्योहार देता है जो खुशियों और सांप्रदायिक सौहार्द भाई चारे का प्रतीक है।

# मांगरोल में यूथ इफ्तार पार्टी का किया आयोजन



मांगरोल (रॉयल पत्रिका) । 09 मार्च 2026 बरोज़ सोमवार को यूथ फोरम जे आई एच राजस्थान यूनिट मांगरोल की तरफ से एक यूथ इफ्तार पार्टी का आयोजन मदरसा मदारिया में किया गया। इफ्तार पार्टी का आयोजन युवाओं के साथ मजबूत सम्बंध स्थापित करने, दावती माहौल बनाने, तथा संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया गया। इस इफ्तार कार्यक्रम में युवाओं के साथ साथ प्रोफेशनल एवं सोशल यूथ को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इफ्तार पार्टी कार्यक्रम में ब्रदर मुहम्मद इरफ़ान (यूनिट अध्यक्ष यूथ फोरम) ने युवाओं के सामने यूथ फोरम का परिचय रखा और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को संगठन में शामिल होने की अपील की। इस यूथ इफ्तार कार्यक्रम में कस्बे के 60 - 70 युवाओं ने शिरकत की।

# लाडनूं विधायक मुकेश भाकर ने जयपुर में भव्य समारोह में रचाया कोमल मीणा से अपना विवाह

## -सैंकड़ों राजनीतिक/सामाजिक शख्सियतों ने दिया आशीर्वाद

लाडनूं/जयपुर (रॉयल पत्रिका)। लाडनूं विधायक मुकेश भाकर सोमवार 9 मार्च को वैवाहिक बंधन में बंधते हुए अपनी आजाद जिंदगी को छोड़ कर कोमल मीणा के मोहपाश में सदा के लिए जकड़ लिए गए। जयपुर के ईडन गार्डन के एंजेल रिसोर्ट में हुए इस शादी समारोह का आयोजन किसी फाइव स्टार स्टाईल में किया गया। राजस्थान और हरियाणा, दिल्ली के दूरदराज से पहुंचे हजारों युवाओं ने अत्यधिक उत्साह और भागदौड़ के साथ इस विशेष विवाह में अपना अपूर्व योगदान दर्ज करवाया। जयपुर, लाडनूं, नागौर, डीडवाना, चुरू आदि विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस, भाजपा आदि राजनैतिक लोगों के साथ अन्य सामाजिक, व्यावसायिक आदि क्षेत्रों के लोगों ने भी जयपुर पहुंच कर विवाह में शिरकत की और इस शादी के साक्षी बने। विधायक भाकर की जज जोड़ायत कोमल ने भी शादी की हर रस्म को बेखौफ पूरे उत्साह के साथ निभाया। अग्नि की साक्षी में फेरे खाकर वेद मंत्रों के माध्यम से दोनों वर-वधु आजीवन के लिए दाम्पत्य सूत्र में बंध कर एकाकार बन गए।




इस शादी समारोह में राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने फेरों आदि रस्म में मौजूद रह कर वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया और शुभकामनाएं दीं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट, डॉ. सीपी जोशी, गोविन्द सिंह डोटासरा, अभय गहलोत, राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, कृष्णा पुनिया, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. ज्योति मिर्धा, हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया, विधायक पुसाराम गोदारा, विधायक मनोज मेधवाल, विधायक अभिमन्यु पुनिया आदि शख्सियतों के अलावा पुर्व कांग्रेस प्रत्याशी लियाकत अली, दलित नेता कालूराम गेनाणा, सामाजिक कार्यकर्ता मो० मुश्ताक खान कायमखानी, पंचायत समिति प्रधान हनुमानाराम कासनीया, पालिका अध्यक्ष रावत खां, नगर पालिका उपाध्यक्ष मुकेश खिंची, दिनेश गोदारा, राजेन्द्र भगारीया, धारासिंह, इदरीस गोरी सहित अनेक गणमान्य नागरिको ने विवाह समारोह में उपस्थित होकर नवदम्पत्ति को गुलदस्ता भेंट कर आशीर्वाद व शुभकामनाएं प्रदान कीं। उपरोक्त शादी की राजस्थान में चर्चा आम हो रही है लाडनूं सहित जयपुर में आयोजित शादी कार्यक्रम में पहुंची बहुत भारी भीड़-भाड़ का अंदाजा कुछ लोग राजनीति के लिहाज से भी देख रहे हैं। यह शादी है या कोई राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन हर कोई सोचने और विचार करने में लगे हुए हैं। यह शादी राजस्थान की राजनीतिक के इतिहास से बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसी की बदौलत इस शादी में सैंकड़ों राजनीतिक/सामाजिक शख्सियतों ने आशीर्वाद देते हुए, हजारों लोगों ने इस शादी में शिरकत कर अपनी खुशी का इजहार किया।

# रोजा इफ्तार में कौमी एकता व विश्व शान्ति की हुई दुआ

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। मेड़ती गेट स्टेडियम स्थित मदरसा इस्लामिया खारिया कुंआ में समाजसेवी डॉ. उम्मेद कायमखानी की ओर से पवित्र माह रमजान के रोजे इफ्तार का आयोजन किया गया। डॉ. उम्मेद ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी हमने हमारे आस-पास के कुछ लोगों, रिश्तेदारों व दोस्तों के साथ ये इफ्तार प्रोगाम सम्पन्न हुआ। मेड़ती गेट धानमंडी जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना यार मोहम्मद ने रोजा इफ्तार के वक्त की जाने वाली खास दुआ में कौमी एकता व देश व दुनिया में शान्ति के साथ-साथ नमाज पढने, जकता अदा करने, पडौसी व रिश्तेदारों के साथ बेहतर व्यवहार करने, एक दूसरे का सम्मान करने व बड़ो की इज्जत, औरतों का सम्मान व छोटो से प्यार करने की दुआ की। इफ्तार पार्टी के इस खास प्रोग्राम में पूर्व सीआईडी इंस्पेक्टर रमाजन खान, क़ौम अब्बासियान के सदर अब्दुल रशीद अब्बासी, घोसी समाज के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी मोहम्मद शफी, भाजपा के युवा नेता इमरान खान कायमखानी, समाजसेवी याकूब खान, रेल्वे फुटबॉल टीम कोच मेहबूब खान, डॉ. अरशद अली, डॉ. सलीम, एडवाकेट अजहरूद्दीन अब्बासी, डॉ. सैफ खान, डॉ. कैफ खान, सलीम खान, अकरम खान, मुश्ताक खान सहित विभिन्न कौमों के कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। इफ्तार के बाद सभी ने मिलकर मगरीब की नमाज अदा की और सामूहिक रूप से खाना खाया।

# विधायक राजेंद्र मीणा महवा उपखंड के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की राज्य सरकार की आवश्यक योजनाओं के संबंध में लेंगे बैठक

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा उपखंड मुख्यालय के बाईपास स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी व संचार विभाग आईटी केंद्र ब्लॉक महवा पर ब्लॉक स्तरीय मीटिंग बुधवार को प्रातः 10:30 बजे विधायक राजेंद्र मीणा उपखंड स्तरीय समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की मीटिंग राज्य सरकार की जनकल्याणकारी प्रमुख योजनाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश



देंगे। उपखंड अधिकारी सुश्री मनीषा रेशम ने बताया कि महवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र मीणा की अध्यक्षता में बुधवार को प्रात 10:30 बजे उपखण्ड कार्यालय महवा के समीप स्थित कार्यालय सूचना एवं प्रौद्योगिकी व संचार विभाग आईटी केंद्र ब्लॉक महुवा में राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के संबंध में उपखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे जिसमें समस्त विभागों के उपखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी भाग लेंगे इस अवसर पर विधायक राजेंद्र मीणा विभागवार अधिकारियों से राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के साथ उनके विभाग की समस्याओं को जानकर उनके निराकरण व आमजन की समस्याओं को शीघ्र से शीघ्र कैसे निराकरण करें जिससे आमजन को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं रहे इसके बारे में विस्तृत रूप से उपखंड स्तरीय अधिकारियों से चर्चा कर आमजन को कोई समस्या नहीं हो इसे लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

## सूचना

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# छठे राज्य वित्त आयोग के तहत चांदगोठी में बने रिचार्ज स्ट्रक्चर से मिली पानी भराव से राहत

चूरू (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कल्याणकारी नीतियों से ग्रामीण विकास सुदृढ़ हो रहा है। सरकार की पहल पर गांवों में जल संरक्षण और भूजल स्तर में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की फलैगशिप योजना 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' अंतर्गत ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए जिले में रिचार्ज स्ट्रक्चर भूजल स्तर को सुधार रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भराव की समस्या से भी राहत प्रदान कर रहे हैं। जिले के राजगढ़ उपखंड की चांदगोठी में वर्ष 2024–25 में छठे राज्य वित्त आयोग के तहत बनाए



गए रिचार्ज स्ट्रक्चर इस दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। इन संरचनाओं के निर्माण से वर्षा जल का संरक्षण हो रहा है और पानी जमीन में समाहित होकर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक बन रहा है। ग्रामीणों बताते हैं कि पहले गांव में बारिश के दौरान कई स्थानों पर पानी भराव की समस्या बनी रहती थी, जिससे लोगों को आवागमन और दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब रिचार्ज स्ट्रक्चर बनने के बाद वर्षा का पानी व्यवस्थित रूप से जमीन में समाहित हो रहा है, जिससे जलभराव की समस्या में काफी कमी आई है। ग्रामीणों का कहना है कि इन संरचनाओं के बनने से न केवल जलभराव से राहत मिली है, बल्कि भविष्य में जल संकट की समस्या से भी काफी हद तक बचाव होगा। साथ ही भूजल स्तर में सुधार होने से क्षेत्र में पेयजल और कृषि कार्यों के लिए पानी की उपलब्धता भी बेहतर होने की उम्मीद है।


# शेयर मार्केट में सुनामी के आसार

नईदिल्ली, एजेंसी। ईरान-इजरायल-अमेरिका वॉर की धधकती आग में दुनियाभर के शेयर बाजार झुलस रहे हैं। आज भारतीय शेयर मार्केट में भी भूचाल के आसार हैं। इस बीच कुछ ऐसे स्टॉक्स हैं, जिनपर निवेशकों की नजर रहेगा। इनमें मीशो, मैक्स, कोटक महिंद्रा, टाटा मोटर्स भी हैं। ईरान-इजरायल-अमेरिका वॉर की धधकती आग में दुनियाभर के शेयर बाजार झुलस रहे हैं।

आज भारतीय शेयर मार्केट में भी भूचाल के आसार हैं। इस बीच कुछ ऐसे स्टॉक्स हैं, जिनपर निवेशकों की नजर रहेगा। इनमें मीशो, मैक्स, कोटक महिंद्रा, टाटा मोटर्स भी हैं। मैक्स एस्टेट्स ने नोएडा में अपने 'मैक्स वन' प्रोजेक्ट के लिए आरईआरए मंजूरी हासिल कर ली है। यह 10 एकड़ में फैला प्रोजेक्ट है, जिसमें 25 लाख वर्ग फीट निर्माण की संभावना है। इससे कंपनी को करीब 2,000 करोड़ रुपए की बिक्री और लगभग 120 करोड़ रुपए के वार्षिक किराये (एन्युइटी रेंटल इनकम) का फायदा होने की उम्मीद है।

**कोटक महिंद्रा बैंक के बोर्ड में नई नियुक्ति–** भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुप कुमार साहा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद वे कोटक महिंद्रा बैंक के बोर्ड में शामिल हो गए हैं। साहा अब बैंक के पूर्णकालिक निदेशक (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों में शामिल हैं। इस नियुक्ति के साथ ही वे बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन पद से हट गए हैं।

**आर सिस्टम्स इंटरनेशनल का भारी भरकम डिविडेंड–** कंपनी के बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए 6 रुपए प्रति शेयर का इंटरिम डिविडेंड घोषित किया है।



### स्टर्लिंग एंड विल्सन की सब्सिडियरी का परिचालन समाप्त

कंपनी की कजाकिस्तान में स्थित कदम-दर-कदम सहायक कंपनी स्टर्लिंग एंड विल्सन कजाकिस्तान एलएलपी का 2 मार्च से परिचालन समाप्त (लिक्विडेट) कर दिया गया है। इस कंपनी का कोई व्यावसायिक कार्य नहीं था।

**जीएनएफसी के उत्पादन पर मंडराया संकट–** मध्य पूर्व क्षेत्र में चल रहे युद्ध का असर अब गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स (जीएनएफसी) पर भी पड़ा है। कंपनी को प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति में कटौती का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी की सप्लायर गेल (इंडिया) को उसके अपस्ट्रीम सप्लायर पेट्रोनेट एलएनजी से फोर्स मेजर (अप्रत्याशित घटना) का नोटिस मिला है, जिससे गैस सप्लाई प्रभावित हुई है। इस वजह से जीएनएफसी को री-गैसिफाइड एलएनजी की आपूर्ति में 60 प्रतिशत की कटौती की गई है, जिससे नीम यूरिया के उत्पादन पर असर पड़ेगा। हालांकि, अन्य उत्पादों का निर्माण फिलहाल प्रभावित नहीं हुआ है।

## आठ स्टॉक्स पर रखें नजर

- **यस बैंक को मिला नया एमडी और सीईओ–** यस बैंक के बोर्ड ने विनय मुरलीधर टोंसे को बैंक का एमडी एंड सीईओ नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है, जो 12 मार्च से प्रभावी होगी। टोंसे 6 अप्रैल को बैंक के एमडी और सीईओ का पदभार संभालेंगे, जब प्रशांत कुमार का कार्यकाल 5 अप्रैल को समाप्त हो जाएगा। अमेरिकी न्याय विभाग ने डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज को बड़ी राहत देते हुए विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) के तहत अपनी जांच बंद कर दी है। विभाग ने कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का फैसला किया है। यह जांच नवंबर 2020 में एक गुमनाम शिकायत के बाद शुरू हुई थी, जिसमें यूक्रेन और अन्य देशों में डॉक्टरों को कथित तौर पर अनुचित भुगतान किए जाने का आरोप लगा था। टाटा पावर ने अपने तेजी से बढ़ते रूफटॉप सोलर (आरटीएस), ईवी चार्जिंग और स्मार्ट होम सॉल्यूशंस कारोबार को डिजिटल रूप से बदलने के लिए सेल्सफोर्स के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी भारत के नेट-जीरो लक्ष्यों के अनुरूप टाटा पावर की लंबी अवधि के क्लीन एनर्जी योजना को मजबूत करेगी।
- **राइट्स को मिले बड़े ऑर्डर–** राइट्स को दक्षिण पश्चिम रेलवे से मैसूर-हासन-मंगलुरु सेक्शन के रेलवे विद्युतीकरण कार्य के लिए संशोधित अनुमान मिले हैं। इस परियोजना की संशोधित लागत 729.28 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, कंपनी को पश्चिम बंगाल सरकार से दक्षिण 24 परगना में मुरीगंगा नदी पर प्रस्तावित फोरलेन एक्स्ट्रा-डोज्ड ब्रिज के निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में 45.18 करोड़ रुपए का काम भी मिला है।

## सिग्निफाई ने फिलिप्स अल्ट्राशाईन रेंज पेश की

### जो 150 ल्युमन प्रति वॉट की सबसे बेहतर एफिशियंसी प्रदान करती हैयह रेंज बहुत कम बिजली खर्च में देती है काफी ज्यादा रोशनी

**मुंबई, एजेंसी।** लाईटिंग में वर्ल्ड लीडर, सिग्निफाई ने आज फिलिप्स अल्ट्राशाईन रेंज पेश की, जो हर वॉट में 150 ल्युमन की सबसे बेहतर एफिशियंसी देने के लिए बनाई गई है। सिग्निफाई की इस रेंज ने लाईटिंग परफॉर्मेंस के मानक बढ़ा दिए हैं। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाली यह रेंज आधुनिक जगहों के लिए डिज़ाईन की गई है, जो काफी ज्यादा ब्राईटनेस और एफिशियंसी प्रदान करती है। घरों, रिटेल और कमर्शियल जगहों पर लाईटिंग की बढ़ती अपेक्षाओं के साथ ग्राहक कम बिजली खर्च में ज्यादा रोशनी चाहते हैं। फिलिप्स अल्ट्राशाईन रेंज उनकी इस जरूरत को पूरा करती है। यह शानदार एफिशियंसी और ब्राईटनेस के साथ जबरदस्त ल्युमिनस परफॉर्मेंस पेश करती है। इसलिए यह उन जगहों के लिए बहुत उत्तम है, जहाँ एनर्जी एफिशियंसी के साथ ज्यादा तेज रोशनी की जरूरत होती है।

इस लॉन्च के बारे में सी अरुण कुमार, हेड, कंज़्यूमर बिज़नेस, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा, ''सिग्निफाई में हम हमेशा अपने ग्राहकों को सबसे बेहतर इनोवेशन प्रदान करने में यकीन रखते आए हैं। हमारी फिलिप्स अल्ट्राशाईन रेंज लाईटिंग परफॉर्मेंस की सीमाओं को बढ़ाते रहने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। 150 ल्युमन प्रति वॉट की एफिशियंसी के साथ यह रेंज ब्राईटनेस में एक नया मानक स्थापित कर रही है, तथा आधुनिक डाउनलाईटिंग से यूज़र्स की अपेक्षाओं को बढ़ा रही है। हमारे मौजूदा पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाते हुए यह रेंज एफिशियंसी के स्तर बढ़ा रही है तथा ग्राहकों एवं व्यवसायों को ज्यादा स्मार्ट ऊर्जा उपयोग के साथ असाधारण रोशनी का अनुभव लेने में समर्थ बना रही है।''

## भारतीय अब अपनी भाषा में यात्रा की खोज करने लगे हैं: मेकमायट्रिप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेकमायट्रिप के जेन-एआई ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट मायरा पर हुई 20 लाख वॉइस बातचीत के आंकड़े बताते हैं कि लोग अब बोलकर अपनी ज़रूरतें ज़्यादा विस्तार और संदर्भ के साथ बताने लगे हैं। शुरुआती रुझानों से यह भी पता चलता है कि भारतीय भाषाओं में वॉइस सर्च का इस्तेमाल काफी तेज़ी से बढ़ रहा है और टेक्स्ट सर्च की तुलना में लोग इसमें ज़्यादा बातचीत वाले अंदाज़ में सवाल पूछ रहे हैं। गुरुग्राम, 9 मार्च 2026 ङ्क भारत की प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप ने आज अपने जेन-एआई आधारित ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट मायरा से मिले कुछ शुरुआती रुझान साझा किए हैं। ये संकेत देते हैं कि भारतीय यात्री अब वॉइस के माध्यम से किस तरह से इंटरैक्ट करना शुरू कर रहे हैं और इसमें एक नया व्यवहारिक रुझान उभर रहा है। मायरा का यूज़र बेस अभी बढ़ रहा है और इस पर रोज़ाना 50,000 से अधिक बातचीत हो रही है, लेकिन शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि वॉइस सर्च लोगों को अपनी बात ज़्यादा खुलकर, संदर्भ के साथ और अपनी पसंदीदा भाषा में रखने का मौका दे रहा है। यह तरीका टेक्स्ट के ज़रिए सर्च करने के पारंपरिक तरीके से काफी अलग और स्वाभाविक है।

**वॉइस और टेक्स्ट सर्च के बीच बढ़ता अंतर–** इस्तेमाल के शुरुआती पैटर्न में ही यह साफ दिखने लगा है कि लोग टाइप करते समय और बोलकर अपनी बात रखते समय अलग तरह का व्यवहार करते हैं। ज़्यादातर टेक्स्ट सर्च आमतौर पर 3-4 शब्दों के छोटे, संक्षिप्त और सीधे कीवर्ड वाले होते हैं, जैसे – गोवा होटल्स चीप या दिल्ली मुंबई फ्लाइट। वहीं, वॉइस सर्च का तरीका काफी अलग नज़र आ रहा है। लगभग 23 प्रतिशत वॉइस क्वेरी 11 शब्दों से ज़्यादा लंबी होती हैं, जबकि टेक्स्ट सर्च में ऐसा केवल 7 प्रतिशत मामलों में होता है। बोलते समय लोग स्वाभाविक रूप से एक ही वाक्य में कई चीज़ें बता देते हैं— जैसे जगह की लोकेशन, होटल की सुविधाएँ, बजट, साथ में कितने लोग हैं और यात्रा की तारीखें। उदाहरण के तौर पर लोग इस तरह पूछ रहे हैं- नार्थ गोवा में बीच के पास पूल वाला किफायती होटल दिखाइए या 2 वयस्क और एक बच्चा, 14 जनवरी से 3 रात, बजट 15,000 रुपये प्रति रात से कम।

### 8वें वेतन आयोग पर बड़ा अपडेट

## आयोग ने जारी की 18 सवालों की प्रश्नावली, 30 अप्रैल आखिरी तारीख

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए एक ऐसी खबर आई है जो सीधे उनके भविष्य और जेब से जुड़ी है। अगर आप या आपके परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में है, तो आपको अपनी डायरी में 30 अप्रैल 2026 की तारीख को बड़े अफसरों में नोट कर लेना चाहिए। बताया, 8वें वेतन आयोग (8वां वेतन आयोग) ने अपनी कार्रवाई को अब रेट दे दी है और इस बार अपनी बात रखने की जिम्मेदारी सीधे आपकी है।



सैलरी और पेंशन में होने वाले बड़े अफसरों की जो लंबे समय से चल रही थी, वह अब आधिकारिक पात्रता बन चुकी है। आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट सीपीसी डाट गर्वमेंट डाट इन पर एक महत्वपूर्ण नोटिस जारी किया है, जिसमें सभी स्टेकहोल्डर्स से सैलरी, भत्तों और मिलने वाली अन्य सुविधाओं को लेकर सुझाव और मेमोरेंडम लिए गए हैं। यह प्रक्रिया 5 मार्च 2026 से शुरू हो चुकी है, जिसके तहत कर्मचारी, पेंशनभोगी और यूनियन अपनी राय ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। ऑनलाइन पोर्टल ही एकमात्र रास्ता

यहाँ ध्यान देने वाली सबसे जरूरी बात यह है कि आयोग ने पुराने तौर-तरीकों को पूरी तरह देकर दिया है। अब कोई भी सुझाव पेपर पर लिखकर, ईमेल भेजकर या पीडीएफ फाइल के जरिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी फायदेमंद देना है, वह केवल उनके निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही देना होगा।

## केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने छठे लाइनमैन दिवस पर फ्रंटलाइन कार्यबल को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सहयोग से नई दिल्ली में 'लाइनमैन दिवस' का छठा संस्करण मनाया गया। लाइनमैन दिवस मनाने का उद्देश्य लाइनमैनों और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के अथक समर्पण और अमूल्य सेवाओं को मान्यता देना है, जिनका योगदान देश भर में बिजली सेवाओं की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में भारत के विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने शिरकत की।

विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने मुख्य भाषण दिया और सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद और सीईए के सदस्यों के साथ बिजली क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और गणमान्य हितधारक भी उपस्थित रहे।पूरे भारत की 66 से अधिक सरकारी और निजी बिजली वितरण एवं उत्पादन कंपनियों के साथ-साथ ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों के लगभग 250 लाइनमैनों और पर्यवेक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस सभा ने प्रतिभागियों के बीच सामूहिक सीखने को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुभव साझा करने, निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने में परिचालन चुनौतियों पर चर्चा करने और सुरक्षा प्रथाओं पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

## डीएसपी म्यूचुअल फंड सर्वेक्षण - अधिकांश महिलाएं अब स्वतंत्र निवेश निर्णय लेती हैं

**मुंबई, एजेंसी।** डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने यूगो के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी विनवेस्टर पल्स 2025-26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है। महिलाएँ अपने वित्तीय निर्णयों की ज़िम्मेदारी का प्रभार तेज़ी-से ले रही हैं, यहाँ तक कि निवेशक के आत्मविश्वास और संरचित वित्तीय योजना के बीच एक चौड़ी खाई उभर रही है। अब अधिकांश महिलाएँ (56 प्रतिशत) कहती हैं कि वे 2022 में 44 प्रतिशत से तेज़ी-से निवेश निर्णय करती हैं, जो अध्ययन में दर्ज सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन है। जबकि पुरुष 68 प्रतिशत पर नेतृत्व करना जारी रखे हुए हैं, महिलाओं के बीच ऐक्सीलरेशन इंक्रीमेंटल भागीदारी के बजाय संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत देता है। हालाँकि, स्वतंत्रता का मतलब सलाह से पीछे हटना नहीं है। अब महिलाओं के परामर्श के साथ स्वायत्तता को मिलाने की अधिक संभावना है। चार में से लगभग एक महिला (2025 में 24 प्रतिशत बनाम 2022 में 17 प्रतिशत) कहती है कि वह एक पेशेवर सलाहकार के परामर्श से पूरी तरह से स्वतंत्र निर्णय करती हैं। जीवनसाथी से प्रोत्साहन भी एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में उभरा है, जिसमें महिलाएँ अपनी निवेश यात्रा में एक प्रभाव के रूप में अपने साथी का हवाला देने की अधिक संभावना रखती हैं। इसी समय, खुद से सीखे गए निवेशक के रूप में दिखाने वाली महिलाओं का अनुपात 13 प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है, जो बढ़ते वित्तीय आत्मविश्वास और स्व-शिक्षण को दर्शाता है।

## ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स, ओरिएंटल यूनिवर्सिटी, इंदौर ने ऑस्ट्रेलिया से आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया

**इंदौर।** ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स, ओरिएंटल यूनिवर्सिटी, इंदौर ने ऑस्ट्रेलिया स्थित फुट्रेड इनोवेशन स्टूडियो से आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस प्रतिनिधिमंडल में कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी ऑफिसर श्री मनदीप शर्मा तथा चीफ एकेडमिक ऑफिसर एमेरिटस प्रोफेसर माइकल क्लेमेंट्स शामिल थे। विश्वविद्यालय परिवार की ओर से माननीय कुलाधिपति श्री प्रवीण ठकराल, माननीय प्रो-चांसलर प्रो. (डॉ.) ध्रुव घई, माननीय प्रो-चांसलर श्री गौरव ठकराल, माननीय चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) गरिमा घई, माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) अमोल गोरे तथा उप-पंजीयक श्री अजयेंद्र नाथ सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने अतिथियों का सौहार्दपूर्ण स्वागत किया।

# एआई प्लस स्मार्टफोन ने 50 एमपी एआई कैमरा और इस श्रेणी की सबसे स्लिम 6000 एमएएच बैटरी के साथ पल्स 2 को 5,999 रुपये में लॉन्च किया

### बिक्री 11 मार्च दोपहर 12 बजे से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआई प्लस स्मार्टफोन ने आज पल्स 2 लॉन्च कर दिया। कंपनी का कहना है कि यह फोन तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाने के अपने मिशन का अगला कदम है। किफायती कीमत में आसान और स्मूद इस्तेमाल देने के लिए तैयार किया गया पल्स 2 रोजमर्रा की जरूरतों पर फोकस करता है– भरोसेमंद परफॉर्मेंस, पूरे दिन चलने वाली बैटरी और आसान फोटोग्राफी। इसकी बिक्री 11 मार्च से दोपहर 12 बजे फ्लिपकार्ट पर शुरू होगी।

पल्स 2 दो वेरिएंट– 4 जीबी + 64 जीबी और 6 जीबी + 128 जीबी में मिलेगा। लॉन्च ऑफर के तहत 4 जीबी + 64 जीबी वेरिएंट पहले 24 घंटों के लिए 5,999 रुपये में उपलब्ध रहेगा, जबकि 6 जीबी + 128 जीबी वेरिएंट 7,999 रुपये में खरीदा जा सकेगा।

माधव शेठ, सीईओ, एआई प्लस स्मार्टफोन और फाउंडर, नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज ने कहा, पल्स 2, पल्स 1 की मजबूत शुरुआत को आगे बढ़ाता है। हमने उन्हीं फीचर्स को बेहतर किया है जिनका लोग सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं– बेहतर कैमरा, भरोसेमंद बैटरी और




बॉक्स से बाहर ही स्मूद सॉफ्टवेयर। हमारा मकसद है कि यूजर्स बिना ज्यादा खर्च किए बेहतर विकल्प चुन सकें।

कैमरे की बात करें तो पल्स 2 में 50 एमपी डुअल एआई रियर कैमरा दिया गया है। वहीं फ्रंट कैमरा को पल्स 1 के 5 एमपी से बढ़ाकर 8 एमपी कर दिया गया है। कंपनी का दावा है कि इससे आउटडोर हो या इनडोर, हर तरह की रोशनी में ज्यादा साफ सेल्फी और बेहतर डिटेल मिलती है।

बैटरी में भी बड़ा बदलाव किया गया है। जहां पल्स 1 में 5000 एमएएच बैटरी थी, वहीं पल्स 2 में 6000 एमएएच की स्लिम बैटरी दी गई है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि लंबा इस्तेमाल हो सके और फोन का लुक भी प्रभावित न हो। स्ट्रीमिंग, ब्राउजिंग, गेमिंग या मल्टीटास्किंग– हर काम में यह ज्यादा देर तक साथ निभाने का दावा करता है। डिस्प्ले में भी सुधार किया गया है। रिफ्रेश रेट 90 हर्ट्ज से बढ़ाकर 120 हर्ट्ज कर दिया गया है। इससे स्क्रॉलिंग ज्यादा स्मूद और विजुअल अनुभव ज्यादा रिस्पॉन्सिव हो जाता है। ड्यूरेबिलिटी के मामले में भी अपग्रेड किया गया है। पल्स 1 जहां आईपी 54 रेटिंग के साथ आता था, वहीं पल्स 2 अब आईपी 64 रेटिंग के साथ मिलता है। यानी धूल और पानी के छींटों से बेहतर सुरक्षा। सॉफ्टवेयर की बात करें तो पल्स 1, नेक्स्टक्वांटम ओएस पर एंड्रॉयड 15 के साथ आया था। अब पल्स 2 सीधे बॉक्स से ही नेक्स्टक्वांटम ओएस पर एंड्रॉयड 16 के साथ मिलता है। कंपनी का कहना है कि इससे पहले दिन से ज्यादा स्थिर और बेहतर अनुभव मिलेगा। पल्स 2 नए डिजाइन के साथ आता है। इसमें क्लीन लुक, बेहतर इन-हैंड कम्फर्ट और पांच रंग विकल्प– ग्रीन, ब्लू, पिंक, पर्पल और ब्लैक दिए गए हैं। यूजर्स अपनी पसंद के मुताबिक रंग चुन सकते हैं। एआई प्लस स्मार्टफोन ने जुलाई 2025 में पल्स और नोवा 5जी के साथ बाजार में कदम रखा था। कंपनी का फोकस किफायती कीमत में काम की तकनीक देना रहा है।

### ऑटो इंडस्ट्री पर संकट: मांग में गिरावट

# टैरिफ और चिप की कमी से बढ़ी टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर का ऑटोमोबाइल उद्योग इन दिनों कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। एक तरफ टैरिफ का दबाव है, तो दूसरी ओर कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और सप्लाई चेन में लगातार आ रहे दिक्कतों ने उद्योग की चिंता बढ़ा दी है। एएनआई ने एलारा सिक्योरिटीज की एक हालिया रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि अब मेमोरी चिप्स की कमी एक नई चुनौती के रूप में सामने आई है, जिसका सीधा असर वाहनों के उत्पादन पर पड़ रहा है।

**मंदी का असर–** रिपोर्ट में बताया गया है कि इन चुनौतियों के अलावा, ग्लोबल लेवल पर ऑटोमोबाइल की मांग पर भी आर्थिक मंदी का गहरा असर देखने को मिल रहा है। पिछले साल हल्की बढ़त दर्ज करने के बावजूद, कैलेंडर वर्ष 2026 की शुरुआत काफी सुस्त रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2025 में ग्लोबल पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में करीब 4.5 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई थी। इनमें चीन सबसे आगे रहा, जहां 9.1



फीसदी की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई, जबकि अमेरिका और यूरोप में यह वृद्धि क्रमशः 1.9 फीसदी और 0.5 फीसदी के मामूली स्तर पर ही रही। हालांकि, सीवाई25 के शुरुआती आंकड़े एक अलग ही कहानी बयां कर रहे हैं। अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में वैश्विक विकास दर में 1.2 प्रतिशत की गिरावट आई है। चीन, अमेरिका और यूरोप तीनों ही प्रमुख बाजारों में इस दौरान वाहनों की बिक्री में कमी देखी गई। चीन में बिक्री 6.8 प्रतिशत, अमेरिका में 0.8 प्रतिशत और यूरोप में 3.9 प्रतिशत तक लुढ़क गई।

**इलेक्ट्रिक वाहनों पर सरकारी सब्सिडी खत्म–** रिपोर्ट के अनुसार, चीन में यह गिरावट मुख्य रूप से सरकारी सब्सिडी खत्म होने के कारण आई है। इससे पहले इन्हीं सब्सिडी ने सीवाई25 की चौथी तिमाही में जबरदस्त खरीदारी को बढ़ावा दिया था। सब्सिडी हटने का असर नए इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री पर भी पड़ा, जिसका हिस्सा दिसंबर 2025 के 52.3 फीसदी से घटकर जनवरी में 40.3 फीसदी पर आ गया।

### अमेरिका भी परेशान

अमेरिका में बढ़ती कीमतों और लोगों की कम होती खरीदने की क्षमता ने वाहन बिक्री को प्रभावित किया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर मिलने वाला 7,500 डॉलर का संघीय कर क्रेडिट खत्म होने से भी मांग पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है।

# शुगर कंपनियों की चांदी, 11% तक चढ़ गए शेयर के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को आई तेज गिरावट के उलट चीनी (शुगर) कंपनियों के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली है, क्योंकि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की बढ़ती कीमतों ने शुगर सेक्टर के लिए सेंटीमेंट मजबूत करने का काम किया है।

राणा शुगर्स लिमिटेड, धामपुर शुगर मिल्स, डालमिया भारत शुगर, द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज, श्री रेणुका शुगर्स, बजाज हिन्दुस्तान और प्राज इंडस्ट्रीज के शेयरों में सोमवार को इंट्राडे के दौरान 11 पर्सेंट तक की तेजी आई है। ग्लोबल मार्केट में क्रूड ऑयल के दाम 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब जा पहुंचे हैं। ऊंचे ऑयल प्राइसेज को एथनॉल प्रॉडक्शन के लिए सपोर्टिव माना जाता है, इससे गन्ने की डिमांड को मजबूती मिलती है और शुगर कंपनियों को फायदा होता है।

**11त्न तक उछल गए शुगर कंपनियों के शेयर–** राणा शुगर्स लिमिटेड के शेयर सोमवार को क्च्स्श्व में 11 पर्सेंट की तेजी के साथ 12.70 रुपये पर पहुंच गए। चीनी कंपनी द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज के शेयर सोमवार को क्च्स्श्व में इंट्राडे के दौरान 8 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 41.65 रुपये पर पहुंच गए। डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर सोमवार को क्च्स्श्व में 7 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 332 रुपये पर जा पहुंचे हैं। धामपुर शुगर मिल्स लिमिटेड के शेयर भी 7 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 130.60 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। बजाज हिन्दुस्तान शुगर के शेयरों में 6.8 पर्सेंट, उत्तम शुगर मिल्स के शेयरों में 6.2 पर्सेंट, प्राज इंडस्ट्रीज के शेयरों में करीब 6 पर्सेंट, श्री रेणुका शुगर्स के शेयरों में 4.8 पर्सेंट और बलरामपुर चीनी मिल्स के शेयरों में 3.5 पर्सेंट की तेजी आई है।



## ‘छाप तिलक’ दिल के करीब खास है इसकी एनर्जी

# मेधा शंकर

अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की अपकमिंग फिल्म ‘गिन्नी वेड्स सनी 2’ का पहला गाना ‘छाप तिलक’ रिलीज हो चुका है। यह गाना रिलीज होते ही दर्शकों का दिल जीत रहा है। मेधा शंकर ने कहा कि यह गाना उनके दिल के बहुत करीब है और इसकी एनर्जी बेहद खास है। गाने में पारंपरिक भावना और मॉडर्न बीट्स का मेल है। फिल्म के पोस्टर लॉन्च के बाद मेकर्स ने इस हाई-एनर्जी ट्रैक को सोनी म्यूजिक के जरिए सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध कराया है। गाने में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की जोड़ी की जबरदस्त केमिस्ट्री दिखाई देती है। साथ ही रैपर पैराडॉक्स की एंट्री गाने में आधुनिक टच जोड़ती है। तीनों की एनर्जी और मजेदार हुक स्टेप हैं। मेधा शंकर ने गाने की रिलीज पर खुशी जताते हुए कहा, ‘मैं बहुत खुश हूं कि अब सब ‘छाप तिलक’ सुन पाएंगे। फिल्म का पहला गाना होने से इसकी एनर्जी बहुत खास है। यह मेरे दिल के करीब है और मैं खुद भी इस पर बार-बार थिरक रही हूं। हीर और अमान नूर ने इसे शानदार बनाया है। पैराडॉक्स के रैप ने और खास कर दिया। मुझे पूरा यकीन है कि यह इस सीजन का बड़ा डांस ट्रैक बनेगा। ‘अविनाश तिवारी ने कहा, ‘फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में संगीत बहुत महत्वपूर्ण होता है। ‘छाप तिलक’ हमारे लिए वही काम करता है। उम्मीद है कि यह लोगों की प्लेलिस्ट में जगह बनाएगा, जैसे मेरी प्लेलिस्ट में बना चुका है। सुनते ही खुद को नाचने से रोकना मुश्किल होगा। ‘यह गाना अमीर खुसरो के क्लासिक ‘छाप तिलक सब छीनी’ पर आधारित है, जिसे सिंगर-कंपोजर हीर ने गाया है। यह उनका बॉलीवुड डेब्यू है। अमान नूर ने कंपोजिशन और बोल लिखे हैं, जबकि पैराडॉक्स ने रैप से नया रंग भरा है। हीर ने कहा, ‘हमने कोशिश की कि गाने में आत्मा भी रहे और डांस फ्लोर की एनर्जी भी। अमान के साथ काम और पैराडॉक्स का रैप इसे शानदरा बना देता है। ‘पैराडॉक्स ने कहा, ‘मैं क्लासिक में कुछ नया लाना चाहता था। गाने की ग्रूवी एनर्जी त्योहारों के सीजन में खूब चलेगी। ‘अमान नूर ने बताया, ‘क्लासिक को नए अंदाज में पेश करते समय पुरानी भावना और नया टच दोनों जरूरी हैं। हमने यही किया है। ‘रोमांटिक-कॉमेडी सीक्वल ‘गिन्नी वेड्स सनी 2’ जी स्टूडियोज की फिल्म है। निर्माता विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल हैं। प्रशांत झा ने लेखन और निर्देशन किया है। फिल्म 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## निक्की अनेजा: एक्सीडेंट में बहा 3 लीटर खून, बंद हुए एक साथ कई टीवी शोज, झेला कास्टिंग काउच


एक्ट्रेस निक्की अनेजा ने फिल्मों से लेकर टीवी तक का सफर तय किया है। उन्होंने डेब्यू मूवी के दौरान कास्टिंग काउच का भी सामना किया। साथ ही एक एक्सीडेंट में उनका तीन लीटर खून भी बहा। जानिए अब क्या कर रही हैं।'मिस्टर आजाद', ‘मोहरे', ‘चॉकलेट', ‘शानदार', ‘लुत्त' जैसी तमाम फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस निक्की अनेजा आज पर्दे से दूर हैं। मगर एक वक्त ऐसा था, जब उनका चेहरा दिग्गज एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित से मिलता-जुलता था। और हर कोई उनके साथ काम करना चाहता था। हालांकि उनका सपना कभी एक्ट्रेस बनने का था ही नहीं। वह पायलट बनना चाहती थीं और ह्यूस्टन जाना चाहती थीं। मगर जब इसकी इजाजत नहीं मिली तो उनकी किस्मत उन्हें एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में ले आई। इनका परमीत सेठी से क्या कनेक्शन है। निक्की अनेजा इस वक्त विदेश में हैं।

## बादशाह ने टटीरी गीत को सभी मंचों से हटाया



बादशाह के नए गीत टटीरी में महिलाओं और नाबालिगों के बारे में आपत्तिजनक बोल होने के आरोप लगाए जाने के बाद गायक-गीतकार ने माफी मांगते हुए कहा कि इस गाने को सभी मंच से हटा लिया गया है। अभी तो पार्टी शरू हुई है और गेंदा फूल जैसे गानों के लिए प्रसिद्ध 40 वर्षीय बादशाह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया। उन्होंने वीडियो में कहा, मेरा नया गीत रिलीज हुआ है और मैं देख रहा हूं कि इसके बोल और दृश्य प्रस्तुति ने खासकर हरियाणा के कई लोगों को दुख पहुंचाया है। सबसे पहले, मैं कहना चाहता हूं कि मैं हरियाणा से हूं। जो लोग मुझे जानते हैं, वे यह बता सकते हैं कि मेरी पूरी पहचान इसी पर आधारित है। मुझे हरियाणवी होने पर गर्व है। बादशाह ने कहा कि उन्होंने हमेशा हरियाणा की संस्कृति को बढ़ावा देने की कोशिश की है और कभी भी किसी को आहत करना उनका मकसद नहीं रहा। उन्होंने कहा, मेरा न तो यह इरादा था और न ही मकसद था कि मैं हरियाणा की महिलाओं या बच्चों के बारे में इस तरह से बात करूं। मैं हिप हॉप शैली के गीत बनाता हूं, इसलिए गाने में अक्सर इस तरह से बोल जोड़े जाते हैं। यह महिलाओं या बच्चों के लिए नहीं था। उन्होंने कहा, मैं ऐसा कभी नहीं करूंगा। लेकिन अगर इससे किसी को भी दुख पहुंचा है, तो मैं दिल से माफी मांगता हूं।

## शाहरुख खान ने सूबेदार में अनिल कपूर के अभिनय की सराहना की



अभिनेता शाहरुख खान ने अनिल कपूर की हालिया फिल्म सूबेदार में उनके अभिनय की सराहना की और कहा कि अभिनय के प्रति उनका समर्पण प्रेरणादायक है। तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशक सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित यह फिल्म पांच मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई और इसमें मोना सिंह, सौरभ शुक्ला, राधिका मदान, आदित्य रावल और फैसल मलिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। खान ने शनिवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि उन्हें फिल्म बहुत पसंद आई। उन्होंने लिखा, फिल्म सुबेदार का भरपूर आनंद लिया। अनिल कपूर से हमेशा बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है - संयमित लेकिन प्रभावशाली अभिनय। उनका कला के प्रति समर्पण प्रेरणादायक है और एक्शन भी शानदार है। उन्होंने कहा, आदित्य रावल, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, फैसल मलिक, राधिका मदान, हर किरदार को अनोखे ढंग से गढ़ा गया है और आप सभी ने शानदार प्रदर्शन किया।

## निरहुआ-आम्रपाली दुबे की फिल्म ‘फसल’ हुई रिलीज




भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव और आम्रपाली दुबे की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘फसल’ अब दर्शकों के लिए उपलब्ध हो चुकी है। यह फिल्म वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज की गई है. रिलीज होते ही फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. खास बात यह है कि कहानी किसानों की जिंदगी और उनके किसानों को करीब से दिखाती है। फिल्म में निरहुआ एक ऐसे किसान की भूमिका में नजर आते हैं जो अपनी जमीन और खेती से गहरा लगाव रखता है. वह हर मुश्किल के बावजूद अपनी फसल और परिवार को बचाने के लिए लगातार संघर्ष करता है। दूसरी ओर आम्रपाली दुबे ने किसान की पत्नी का किरदार निभाया है, जो अपने परिवार के साथ हर कठिन समय में मजबूती से खड़ी रहती है. दोनों कलाकारों की जोड़ी पहले भी कई फिल्मों में पसंद की जा चुकी है और इस फिल्म में भी उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद कर रही है। फिल्म की कहानी पूरी तरह भारतीय किसानों की जिंदगी पर आधारित है. इसमें खेती से जुड़ी चुनौतियों, मेहनत और उनके दर्द को भावनात्मक तरीके से दिखाया गया है। निर्देशक पराग पाटिल ने ग्रामीण जीवन की सच्चाई को बड़े सरल तरीके से पर्दे पर उतारने की कोशिश की है. फिल्म में खलनायक के रूप में संजय पांडे और विनित विशाल ने दमदार एक्टिंग किया है. इनके अलावा अयाज खान, अरुणा गिरी, जय सिंह, शिवेश तिवारी, राकेश त्रिपाठी, उजैर खान और चाइल्ड आर्टिस्ट त्रिशा सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनाई गई है. इसके निर्माता प्रेम राय हैं. कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा और संवाद राकेश त्रिपाठी और पराग पाटिल ने मिलकर तैयार किए हैं. गीतकार अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव कवि, विमल बावरा और विजय चौहान ने गीत लिखे हैं. वहीं संगीत ओम झा और आर्या शर्मा ने दिया है. गानों को आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत और शिल्पी राज जैसे सिंगर्स ने अपनी आवाज दी है।

# कंगना रनौत

## ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ने शेयर किया महिलाओं के नाम संदेश

## हर दिन आपका है

अपने बेबाक बयानों के लिए प्रसिद्ध मंडी सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने देश की सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी है। अभिनेत्री का कहना है कि हर दिन महिलाओं का होता है और नारी महाशक्ति का स्वरूप है। कंगना रनौत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए सभी महिलाओं के नाम प्यारा संदेश लिखा। अभिनेत्री का कहना है कि महिलाओं के लिए अपनी शक्तियों को पहचानना बहुत जरूरी है और उनका सही उपयोग करना भी आना चाहिए। उन्होंने लिखा, ‘हर दिन आपका दिन है। नारी होना एक महाशक्ति है। अपनी शक्तियों को पहचानें और समझें कि उनका उपयोग अपने लाभ के लिए कैसे करें, न कि कभी अपने ही विरुद्ध। उदार होने पर कभी पछतावा न करें, जो आप देते हैं वही आपको मिलता है, लेकिन यह शायद आपकी अपेक्षा के अनुसार न हो, इसलिए आगे बढ़ते रहें, मूर्ख बनने की चिंता न करें। ' उन्होंने आगे लिखा, ‘हमेशा आशा रखें कि आप कभी किसी को मूर्ख न बनाएं या लोगों या परिस्थितियों का लाभ न उठाएं। खुशी की कुंजी यह है कि आप अपना सब कुछ अपने काम, अपने परिवार, अपने दोस्तों को दें, लेकिन याद रखें कि जो आप चाहते हैं वह किसी के पास नहीं है; आप केवल कृतज्ञता चाहते हैं और केवल आप ही खुद को इससे भर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्हें चुनें जिन्होंने आपको चुना है। उठो और चमको, प्यार करो और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखो। महिला दिवस की शुभकामनाएं। ‘बता दें कि कंगना की गिनती बेबाक एक्ट्रेसेस में होती है, और उनकी फिल्में भी महिलाओं को प्रेरणा देने वाली होती हैं। एक्ट्रेस की ‘क्वीन', ‘तेजस', ‘पंगा', ‘तनु वेड्स मनु', ‘मणिकर्णिका', और ‘सिमरन' जैसी फिल्मों को खूब सराहा गया। ये सभी फिल्में महिलाओं के अलग रूप और शक्ति को दिखाती हैं। जहां ‘क्वीन' में कंगना ने एक अकेली लेकिन सशक्त महिला का रोल प्ले किया, वहीं ‘मणिकर्णिका' में वे तेज-तर्रार योद्धा के रूप में दिखीं। कंगना रनौत के अलावा, हिंदी सिनेमा से लेकर दक्षिण सिनेमा में भी सभी अभिनेता और अभिनेत्रियों ने महिला दिवस पर बधाई दी, जिनमें कमल हासन और अल्लू अर्जुन जैसे विख्यात कलाकार भी शामिल रहे।



(साभार एजेंसी)

# दो कदम गौतम आगे आए और दो कदम मैंने उठाए और बीच का रास्ता निकालाः सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

राहुल द्रविड़ के भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने बताया था कि कैसे उनकी पत्नी इस दिग्गज को उनकी 'काम के स्थल वाली पत्नी' मानती थी।

जब कोई उनके टी20 उत्तराधिकारी सूर्यकुमार यादव को मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर के बारे में बात करते हुए देखता है तो यह समीकरण उतना ही सहज और आपसी भरोसे तथा सम्मान पर बना हुआ लगता है जितना रोहित और द्रविड़ के बीच था। जब सूर्यकुमार से गंभीर के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने गौतम भाई के साथ चार साल (कोलकाता नाइट राइडर्स में) क्रिकेट खेला है और मुझे पता था कि वह कैसे सोचते हैं। वह दो कदम उठाएंगे, मैं दो कदम उठाऊंगा और हम बीच में कहीं मिलेंगे।'सूर्यकुमार ने कहा कि इन दो वर्षों में दोनों के बीच कभी कोई बहस नहीं हुई और उन्होंने एक आदर्श एकादश तय करने के लिए कभी रातों की नींद नहीं गंवाई।

सूर्यकुमार ने कहा, ' जब से हमने साथ काम करना शुरू किया, जब हम श्रीलंका गए थे, तब से लेकर अब तक मुझे याद नहीं कि कभी किसी खिलाड़ी को लेकर हमारी बहस हुई हो।' कप्तान ने कहा, ' हम बात करते हैं कि हमें किसी खास खिलाड़ी को खिलाना चाहिए या नहीं। हम दोनों हमेशा टीम को जिताने में दिलचस्पी रखते हैं। हम किसी खिलाड़ी को ऐसी स्थिति में कैसे रख सकते हैं, जिससे टीम को फायदा हो सके।'

### खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना जरूरी

सूर्यकुमार ने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि मुश्किल दौर का सामना कर रहे खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना बहुत जरूरी है और दोनों ने मुश्किल दौर से उबरकर टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ' जब कोई अच्छा नहीं कर रहा होता तो आप उसके साथ समय बिताने की कोशिश करते हैं। उसे डिनर पर ले जाते हैं, उससे बात करते हैं क्योंकि ये ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सही समय पर आपके लिए कुछ खास करेंगे जैसा अभिषेक ने अभी किया और संजू ने पिछले तीन मैच में किया।' सूर्यकुमार ने कहा, 'अपनी भूमिका निभाना, अपनी जिम्मेदारियों को समझना, सही समय पर मदद करना, जब कोई अच्छा नहीं कर रहा हो तो खिलाड़ी से बात करना। ये मेरे लिए ज्यादा जरूरी है। इसलिए ये सभी चीजें मेरे लिए काफी मायने रखती हैं।'





### हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना

उन्होंने कहा, 'मुझे शुरू से ही पता था कि हमारी एक-दूसरे से क्या उम्मीदें होंगी। कई बार हमने टीम के बारे में एकादश या 15 खिलाड़ियों के बारे में बात की है कि हमें किसे चुनना है और 14 खिलाड़ी हमेशा एक जैसे रहे हैं।' सूर्यकुमार ने कहा,'अगर सफलता की दर इतनी अधिक है तो हमें इस पर अधिक बात करने की जरूरत नहीं है। हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना था।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'इसलिए हम किसी भी चयन के फैसले को लेकर सहज थे।

### भारत के खिलाफ फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण : न्यूजीलैंड कप्तान सेंटनर

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर का मानना है कि भारतीय टीम की जबरदस्त शुरुआत के बाद उनकी टीम हमेशा मुश्किल में थी और बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सभी चीजें उनके पक्ष में होने की जरूरत थी। चौथी बार विश्व कप फाइनल में खेल रही न्यूजीलैंड की टीम को 96 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम की सीमित ओवरों के पहले विश्व खिताब की तलाश जारी रही। सेंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि सेमीफाइनल और फाइनल हारना आदर्श स्थिति नहीं है लेकिन जैसा कि मैंने कुछ दिन पहले कहा था, आप इस स्थिति में आते हैं, आप उन टीम के खिलाफ खेलते हैं, जो बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रही हैं।' उन्होंने कहा, 'भारत के खिलाफ भारत में फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हम जानते थे कि मैच से पहले हम निश्चित तौर पर कमजोर टीम माने जाएंगे। उन्होंने कहा, 'और फिर जब आप 250 रन का पीछा कर रहे हों तो सब कुछ ठीक होना चाहिए। और पावरप्ले में विकेट खोना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मुझे लगता है कि दिन की कहानी यही थी, दो पावर प्ले। मुझे लगता है कि हमने 40 के आस-पास तीन विकेट गंवा दिए और उन्होंने 90 के आसपास कोई विकेट नहीं गंवाया था।'

---

## खबर संक्षेप



### फ्यूचर्स कप : राधामणि साहिल जीते, उधम बाहर

**बैंकॉक।** भारत की युवा मुक्केबाजी टीम के लिए सोमवार को विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में मिलाजुला दिन रहा जब राधामणि लोंगजाम और साहिल दुहान ने जीत हासिल की लेकिन उधम सिंह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में राधामणि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की अपनी विरोधी को हराया और तीसरे दौर में रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) पर जीत दर्ज की। पुरुषों के वर्ग में साहिल (60 किग्रा) ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तुर्कमेनिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 के एकमत फैसले से हराकर शानदार जीत हासिल की। उधम सिंह (55 किग्रा) को हालांकि कड़ी टक्कर देने के बावजूद जापान के प्रतिद्वंद्वी खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### जोबर्ग ओपन : शुभंकर संयुक्त 57वें स्थान पर

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 'जोबर्ग ओपन' के अंतिम दौर में दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर रहे। शुभकर ने दो बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठे। उन्होंने इस दौरान तीन बोगी 13वें से 16वें होल के बीच किए।उनका कुल स्कोर एक अंडर पार (66-72-69-72) रहा।जोबर्ग ओपन में अतीत में शुभंकर का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने यहां पांच टूर्नामेंटों में से चार बार कट हासिल किया है और इसी कोर्स पर 2017 में डीपी वर्ल्ड टूर का अपना पहला खिताब जीता था। इंग्लैंड के डैन ब्रैडबरी ने अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए पांच अंडर 65 का कार्ड खेला और कुल 17 अंडर पार (64-70-64-65) के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया।



### भारत-न्यूजीलैंड ने खेल संबंध बढ़ाने पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को न्यूजीलैंड के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर 'हाई परफॉर्मेंस' खेलों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की, जिसमें संयुक्त प्रशिक्षण शिविर, कोचों के आदान-प्रदान और खेल विज्ञान, विश्लेषण तथा खिलाड़ी प्रदर्शन प्रणाली की समझ साझा करने पर विशेष जोर दिया गया। मांडविया ने न्यूजीलैंड के खेल प्रतिनिधिमंडल के साथ उच्चस्तरीय मंत्रीस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। दोनों पक्षों के बीच हुई चर्चा में न्यूजीलैंड के कोच विकास ढांचे को राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस), पटियाला के पाठ्यक्रम में शामिल करने की संभावनाओं पर भी विचार किया गया। वर्ष 2026 भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक होगा। इसकी शुरुआत 1926 में भारतीय सेना की ऐतिहासिक हॉकी टीम के न्यूजीलैंड दौरे से हुई थी, जो दोनों देशों के बीच शुरुआती बड़े खेल संपर्कों में से एक था।

---

### सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ बनाए 321 रन

# टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ 3 भारतीय बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ 321 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से नवाजा गया। इसी के साथ सैमसन टी20 वर्ल्ड कप में यह पुरस्कार जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। इस पुरस्कार को जीतने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।*

#### विराट कोहली



दिग्गज बल्लेबाज ने टी20 वर्ल्ड कप 2014 और 2016 में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब अपने नाम किया था। वह इकलौते ऐसे भारतीय हैं, जिन्होंने दो बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है। कोहली टी20 वर्ल्ड कप 2014 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 106.33 की औसत के साथ 319 रन बनाए। इस दौरान कोहली के बल्ले से 10 छक्के और 24 चौके निकले। इसके बाद साल 2016 में भी कोहली ने इस पुरस्कार को अपने नाम किया। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2016 में कुल 5 मैच खेले, जिसमें 136.50 की औसत के साथ 273 रन बनाए। वह उस संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहे थे।

#### जसप्रीत बुमराह



भारत ने जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। उस संस्करण में बुमराह ने 8 मुकाबले खेलते हुए कुल 29.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान बुमराह ने 124 रन देकर 15 विकेट हासिल किए। हालांकि, अर्शदीप सिंह 17 विकेट लेकर उस संस्करण में सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में बुमराह से एक पायदान ऊपर थे, लेकिन डेथ ओवर्स में शानदार प्रदर्शन के साथ बुमराह ने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब अपने नाम किया।

#### संजू सैमसन




साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान दाएं हाथ के इस खिलाड़ी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआती दो पारियों में सैमसन 22 रन और 24 रन ही बना सके थे। कुछ दिग्गज प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह पर ही सवाल खड़े करने लगे थे, लेकिन इसके बाद सैमसन ने खुद को साबित किया। संजू सैमसन ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध निर्णायक सुपर-8 मैच में 97 रन की नाबाद पारी खेली, जिसने भारत को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया। नॉकआउट मैच में सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### ट्रॉफी की पूरी तरह से हकदार भारतीय टीमः सचिन



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा किया। क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा। तेंदुलकर ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की और मुंबई में अपने घर के बाहर जश्न की एक झलक साझा की। तेंदुलकर ने लिखा, 'लगातार दो बार विश्व कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी20 प्रारुप में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार। हमारी टीम ने क्या शानदार प्रदर्शन किया और क्रिकेट का एक खास ब्रांड दिखा। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया। जय हिंद!"

### हमारे जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहींः कोहली



पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टीम के जज्बे और दबदबे की तारीफ की। कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारे खेले गए जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं था। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर विश्व चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार जज्बा दिखाया।' उन्होंने लिखा,'यह कामयाबी हासिल करने के लिए सभी खिलाड़ियों और प्रबंधन के सभी सदस्यों को बधाई।

### जीत भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती हैः गांगुली



भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि यह जीत हर स्तर पर भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है। गांगुली ने पोस्ट किया, ''टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत को बधाई... बहुत मजबूत टीम... बड़े मुकाबलों में बेहतर हुई... भारतीय क्रिकेट शानदार जगह पर है। महिला चैंपियन, अंडर-19 चैंपियन और अब पुरुष टी20 चैंपियन।''

### भारत को हराना मुश्किल था : डेरेन सैमी



वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में भारत को हराना मुश्किल था। सुपर आठ में भारत के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हुई वेस्टइंडीज के मुख्य कोच सैमी ने लिखा, 'जैसा कि मैं पहले दिन से कह रहा था। आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के लिए आपको भारत को नॉकआउट में हराना होगा। किसी भी टीम ने ऐसा नहीं किया। बीसीसीआई को उनके तीसरे विश्व टी20 खिताब के लिए बधाई।

### कोच साहब आपकी मुस्कान बहुत अच्छीः धोनी



महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था।

---

**एएफसी महिला एशियाई कप**

## चीनी ताइपे के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले के लिए तैयार भारत



एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारतीय महिला फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियाई कप में मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप-सी के अपने आखिरी मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो टूर्नामेंट में बने रहने के लिए उसे हर हाल में जीत दर्ज करना होगा। भारत फिलहाल दो मैचों में शून्य अंक के साथ ग्रुप में चौथे और आखिरी स्थान पर है।

टीम को पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि दूसरे मैच में जापान ने उसे 11-0 से हराया था। जापान दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि चीनी ताइपे और वियतनाम तीन-तीन अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अब तक खराब प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम के पास क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का मौक बरकरार है। भारतीय टीम को इसके लिए चीनी ताइपे को कम से कम दो गोल के अंतर से हराना होगा और साथ ही मंगलवार को होने वाले दूसरे मैच में जापान को वियतनाम को हराना होगा। टूर्नामेंट के तीनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें अंतिम आठ में जगह बनाएंगी।

### नतीजों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरतः मुख्य कोच

भारत की मुख्य कोच अमेलिया वाल्वेर्दे ने कहा कि टीम को पिछले दो मैचों के नतीजों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरत है।उन्होंने कहा, वियतनाम और जापान के खिलाफ दोनों मैच एक-दूसरे से बिल्कुल अलग थे। सबसे पहले हमें जो हुआ उसे जल्दी से पीछे छोड़ना होगा। हमें इस मैच के लिए अच्छी तैयारी करनी है और इसमें कोई संदेह नहीं है। भारतीय कोच ने कहा, 'हमें इस मैच के महत्व का पूरा एहसास है। हम पिछले मुकाबले को पीछे छोड़ चुके हैं और अब हमारे सामने यह मौका है, जिसे हमें पूरी गंभीरता के साथ लेना होगा।'

### हमारे लिए एक बड़ा मौका : शिल्की देवी

भारत की मिडफील्डर शिल्की देवी हेमाम ने भी कहा कि टीम पिछले मैच से सबक सीखा कर अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, 'हमने पिछले मैच से काफी कुछ सीखा है और मुझे लगता है कि चीनी ताइपे के खिलाफ यह मैच हमारे लिए खास होगा। यह हमारे लिए एक बड़ा मौका है और हमें इसका पूरा फायदा उठाना होगा।'' चीनी ताइपे के लिए स्थिति अपेक्षाकृत आसान है। नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए उनके लिए ड्रॉ भी पर्याप्त होगा।

---

## एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर स्कॉटलैंड ने भारत को 2-2 की बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर के पूल बी के अपने दूसरे मैच में सोमवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ खेला। इस परिणाम के साथ भारत और स्कॉटलैंड दोनों के नाम चार-चार अंक हो गए हैं। भारत हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण पूल तालिका में शीर्ष पर है। जी.एम.सी. बालायोगी हॉकी मैदान पर खेले गए मैच में नवनीत कौर (18वें मिनट) और सुनेलिता टोप्पो (29वें मिनट) ने भारत के लिए गोल किए, जबकि हीथर मैकएवान (छठे मिनट) और फियोना बर्नेट (33वें मिनट) ने स्कॉटलैंड के लिए गोल दागे। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने धैर्यपूर्वक पासिंग गेम खेलने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल दिखाया। मैच के छठे मिनट में भारतीय रक्षापंक्ति की चूक का स्कॉटलैंड ने फायदा उठाया और मैकएवान ने गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने लगातार आगे बढ़कर हमले किए। लालरेम्सियामी ने भारत के लिए पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन उदिता का ड्रैग-फ्लिक शॉट लक्ष्य से बाहर चला गया। भारत ने दबाव बनाए रखा और 14वें मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन एक चूक के कारण स्कॉटलैंड को जवाबी हमला करने का मौका मिल गया, जिसे सुशीला ने रोका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने जल्दी ही नियंत्रण हासिल कर लिया। 17वें मिनट में उन्हें तीसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला।

---

**इंडियन वेल्स मास्टर्स**

## प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे भाम्बरी-गोरान्सन

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स



भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भाम्बरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरान्सन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस में डेविड पेल और फैब्रिस मार्टिन की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में आसान जीत के साथ अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की की। भारत और स्वीडन की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने एटीपी 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस और नीदरलैंड की जोड़ी की सर्विस को पांच बार तोड़ते हुए 6-1 6-3 से आसान जीत दर्ज की।

भाम्बरी और गोरान्सन ने अपने प्रतिद्वंदियों के तीन ऐस के मुकाबले पांच ऐस लगाए। पेल और मार्टिन ने 66 मिनट के इस मुकाबले में छह 'डबल फॉल्ट' किए। भाम्बरी और गोरान्सन का सामना अब सैंडर एरेंड्स और जिरी लेहेका की अनुभवी जोड़ी से होगा, जिन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन की जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की जोड़ी को हराया था।

---

### दुबई में हुए अनुभव के कारण सिंधू रही काफी तनाव में

## सिंधू नहीं खेलेंगी स्विस ओपन, श्रीकांत-प्रणय संभालेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| बासेल

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू दुबई में तीन दिन फंसने के तनाव से अभी उबरी नहीं है लिहाजा वह स्विस ओपन नहीं खेलेंगी जबकि एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत 250000 डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल की बमबारी और ईरान की जवाबी कार्रवाई के चलते खाड़ी में हवाई क्षेत्र पाबंदियों के कारण सिंधू तीन दिन दुबई में फंसी रही और आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से नाम वापिस लेना पड़ा। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा,' वह स्विस ओपन नहीं खेलेगी। हमें पता है कि दुबई में उनका अनुभव क्या रहा। वह बर्मिंघम नहीं जा सकी थी। उन्हें इससे उबरने में कुछ समय लगेगा। भारत लौटने के बाद सिंधू ने स्वीकार किया था कि दुबई में हुए अनुभव के कारण वह काफी तनाव में रही और उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभव रहे। अब वह अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के जरिए ही वापसी करेंगी।

### श्रीकांत पहले दौर में गुनावान से भिड़ेंगे

पुरुष एकल में श्रीकांत का सामना पहले दौर में जैसन गुनावान से होगा। श्रीकांत पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे थे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से खेलेंगे। तरुण मन्नेपल्ली की टक्कर जापान के केंता निशिमोतो से होगी जबकि आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। किरण जॉर्ज सिंगापुर के लोह कीन यू से खेलेंगे।



### उन्नति का सामना चियान से

पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना सिंगापुर के एंग कीट वेसले को और जुंसुके कुबो से होगा । हरिहरन ए और एम आर अर्जुन चीनी ताइपै के चेन झि रे और लिन यू चियेह से खेलेंगे । महिला एकल में उन्नति हुड्डा का सामना चीनी ताइपै की चियू पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चीनी ताइपै की हू लिंग फांग और झेंग यू चियेह से खेलेंगी।



# ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति-फिलहाल ऐलान नहीं
# इजराइल बोला- खामेनेई के हर उत्तराधिकारी को निशाना बनाएंगे

अमेरिका इजराइल बीते एक सप्ताह से ईरान पर लगातार हमले कर रहे है। इसके बाद भी ईरान न झुकने को तैयार है न रुकने को। माना जा रहा है कि ये जंग करीब 6 माह तक चलेगी और पूरी दुनिया में इसका असर दिखाई देगा।

अमेरिका - ईरान जंग
विश्व युद्ध की आहट

» **खामेनेई की हत्या का बदला ले रहा है ईरान**

» **अमेरिका इस जंग में अब तक करोड़ों डॉलर फूंक चुका**

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति बन गई है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नए लीडर का चयन कर लिया है। असेंबली के सदस्य मोहसिन हेदरी ने कहा कि बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी दे दी गई है। एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है।

इस बीच, इजराइली सेना (ईडीएफ) ने ईरान को चेतावनी दी है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के हर संभावित उत्तराधिकारी को निशाना बनाया जाएगा। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उत्तराधिकारी चुनने की प्रक्रिया में शामिल लोग भी टारगेट पर हैं। संभावित उम्मीदवारों में खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई का नाम सबसे आगे बताया जा रहा था।

### ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले के लिए माफी मांगी थी इसके बाद भी हमले

**जंग की वो 6 बड़ी बातें जो दुनिया को डराती हैं**

1. ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया
2. इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा
3. 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया
4. यूएस-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1701 मौत हुई
5. जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए
6. इस जंग से पूरी दुनिया में तेल और गैस संकट की बढ़ रही आशंका

### इजराइल की धमकी कहा-खत्म कर देंगे

*गौरतलब है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी की चयन प्रक्रिया ऐसे समय पर हो रही है, जब इजराइल की ओर से चेतावनी दी गई है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता को भी निशाना बना सकता है। हाल में ही इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज की ओर से कहा गया कि अगर ईरान इजराइल के साथ अपना टकराव जारी रखता है, तो खामेनेई के उत्तराधिकारी को स्पष्ट रूप से खत्म करने का निशाना बनाया जाएगा।*

### उत्तराधिकारी का नाम नहीं बता रहा ईरान

*इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ईरान फैसला लेने के बाद भी नए नेता का नाम नहीं बता रहा है।*

### खाड़ी के कई देशों में दहशत का माहौल है और मिसाइलों की आवाजें सुनी जा रहीं

## ईरान झुकने को तैयार नहीं कहा-ट्रंप को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे



ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने ट्रंप को सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की कीमत चुकाने की चेतावनी दीअमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिनमें खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले जारी रखे हैं और हथियार डालने से इनकार किया है। ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिसमें 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता की मौत हो गई और मिडिल ईस्ट में युद्ध छिड़ गया। ईरान इसके बाद से अमेरिका के ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से अटैक कर रहा है। खामेनेई के करीबी सहयोगी लारीजानी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, 'हम अपने नेता और अपनी जनता के खून का बदला लिये बिना रुकेंगे नहीं। ट्रंप को कीमत चुकानी होगी और वह चुकाएंगे।' ईरान ने हथियार डालने से मना कर दिया है। वो लगातार इजराइल और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

## लेबनान में इजराइली हमलों में 394 की मौत,कई घायल

लेबनान में इजराइल के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 394 हो गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मृतकों में 83 बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 1130 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष के बीच लेबनान में हमले तेज हुए हैं।

### ईरान में 400 से ज्यादा ठिकानों पर कर दी एयर स्ट्राइक

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने ईरान में 400 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इन हमलों में बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर और हथियार बनाने वाले ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइली रक्षा बल के मुताबिक वायुसेना ने पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य ईरान में व्यापक हमले किए। इस दौरान मिसाइल लॉन्चर, रक्षा प्रणालियों, हथियार भंडारण केंद्रों और अन्य सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को टारगेट किया गया। यह कार्रवाई ऑपरेशन "रोरिंग लायन" के तहत की जा रही है। इस ऑपरेशन के दौरान इजराइली वायुसेना अब तक सैकड़ों स्ट्राइक मिशन पूरा कर चुकी है।

**ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले रोकने वाले बयान पर दी सफाई**

## अमेरिका को ईरान की दो टूक- कहा हम एक इंच जमीन भी नहीं लेने देंगे



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि उनके हालिया बयान को दुश्मनों ने गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और दोस्ताना संबंध बनाए रखना चाहता है। पेजेशकियन ने कहा कि ईरान कई बार यह कह चुका है कि पड़ोसी देशों के साथ भाईचारे और अच्छे रिश्ते होने चाहिए। हालांकि अगर ईरान पर हमला होता है तो जवाब देना उसकी मजबूरी बन जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जवाबी कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि ईरान का किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह वहां के लोगों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि बार-बार कहा गया है कि हम भाई हैं और हमें पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। हालांकि, हमें हमलों का जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारा किसी (पड़ोसी) देश के साथ कोई विवाद है या हम उनके लोगों को नाराज करना चाहते हैं।

### अमेरिका को दिया चुभने वाला जवाब

इस बीच अमेरिकी की लगातार धमकियों के बीच पेजेशकियन ने करारा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान देश की एक इंच जमीन भी किसी को नहीं लेने देगा। यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब अमेरिका और इस्राइल लगातार अलग-अलग दावे कर रहे हैं। इससे पहले पेजेशकियन ने अमेरिका की उस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी उम्मीद रखना सिर्फ एक सपना है, जो कभी पूरा नहीं होगा। राज्य टीवी पर प्रसारित अपने रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ईरान किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है।

### हमलों को रोकने वाले बयान पर आया जवाब

मसूद पेजेशकियन का ये बयान ऐसे समय में आए हैं, जब कुछ रिपोर्टों में यह समझा जा रहा था कि ईरान ने खाड़ी देशों पर हमलों को रोकने का फैसला किया है, हालांकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत बताई जा रही थी। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान पर जब हमले होते हैं, तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसका किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह उनके लोगों को परेशान करना चाहता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान हमेशा से अपने पड़ोसियों के साथ 'भाईचारे' और अच्छे संबंधों का पक्षधर रहा है। उनके अनुसार जवाबी कार्रवाई एक मजबूरी है, न कि किसी देश के साथ विवाद या उनके लोगों को नुकसान पहुंचाने की इच्छा। यह बयान ईरान की विदेश नीति के उस पहलू पर प्रकाश डालता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों को बनाए रखने पर जोर देता है, भले ही वह अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने को मजबूर हो।

**ओली ने बालेन को दी बधाई**

## बालेंद्र शाह ने पीएम ओली को भारी मतों से हराया, पीएम की राह मजबूत

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



नेपाल में चुनावो में आरएसपी के बालेंद्र शाह ने पीएम केपी ओली को भारी मतों से हराकर सरकार बनाने की राह पर कदम रखा है। पिछले साल पीढ़ीगत बदलाव और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मांग को लेकर हुए हिंसक 'जेन जेड' प्रदर्शनों के बाद हुए पहले आम चुनाव में उन्होंने पारंपरिक राजनीतिक दलों को करारा झटका दिया। रैपर से राजनीतिक नेता बने बालेंद्र शाह 'बालेन', जो राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के पीएम पद के उम्मीदवार हैं, उन्होंने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी– सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली को करीब 50,000 मतों के भारी अंतर से हराया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल चुनाव आयोग ने बताया कि 35 साल के बालेन ने 74 साल के ओली को 18,734 वोट के मुकाबले 68,348 वोट हासिल किए। रात घोषित परिणामों के मुताबिक रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित आरएसपी ने अब तक घोषित 87 सीटों के परिणाम में 70 सीट पर जीत दर्ज की है।

**भारत दौरे के बाद फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की विदाई**

## डिजिटल-तकनीकी साझेदारी पर समझौता भारत व फिनलैंड के संबंध नए मुकाम पर

» **भारत और फिनलैंड के संबंधों में स्थायित्व का दौरः अलेक्जेंडर स्टब**

» **जयशंकर ने कहा-दुनिया की समस्याएं यूरोप की समस्याएं नहीं, इस पर सहमत**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने रविवार को भारत का अपना राजकीय दौरा पूरा किया।

इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें गर्मजोशी से विदाई दी। राष्ट्रपति स्टब का यह दौरा भारत और फिनलैंड के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है, जिसमें दोनों देशों ने तकनीक, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति स्टब के भारत दौरे को बेहद महत्वपूर्ण और लाभदायक बताया। मंत्रालय ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रपति स्टब की भारत यात्रा के साथ एक सफल और उपयोगी दौरा संपन्न हुआ। एयरपोर्ट पर राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें औपचारिक रूप से विदाई दी। भारत और फिनलैंड के संबंधों ने एक नया मुकाम हासिल किया है। दोनों देशों के बीच संबंध अब डिजिटलाइजेशन स्थायित्व में रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। भविष्य में द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अपने भारत दौरे के दौरान राष्ट्रपति स्टब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की।

**उपराष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से किया संवाद**

## आने वाले समय में कई लखपति दीदी आगे बढ़कर करोड़पति दीदी बनेंगी

» **महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का उपराष्ट्रपति ने दौरा किया**

» **उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की जमकर सराहना की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हापानिया में इंटरनेशनल ट्रेन एंड फेयर सेंटर में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्यों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने जमीनी स्तर पर विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण में इन समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में महिलाओं की भूमिका में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है। देश अब केवल महिला विकास की अवधारणा से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व वाले विकास के दौर में प्रवेश कर चुका है। उपराष्ट्रपति



राधाकृष्ण ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है, जो देश की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कई लखपति दीदी आगे बढ़कर करोड़पति दीदी बनेंगी, जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उकार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं मेला केंद्र में लगाए गए महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का भी दौरा किया। इस दौरान उन्हें त्रिपुरा के विभिन्न जिलों से आए एसएचजी समूहों द्वारा प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प के बारे में जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने इन उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### विकसित देश बनाने में महिलाओं का बड़ा योगदान

*इससे पहले, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, इंटरनेशनल विमेंस डे पर हम उन महिलाओं की ताकत, हिम्मत और कामयाबियों का जश्न मनाते हैं जो हमारे परिवारों, समाज और हमारे देश की किस्मत को आकार देती रहती हैं। भारत के लंबे और शानदार इतिहास में हमारी पुरानी ज्ञान परंपराओं की रखवाली करने वाली से लेकर हमारे आजादी के आंदोलन के बहादुर नेताओं और मॉडर्न भारत की तरक्की की अगुआ तक, महिलाएं हिम्मत, समझदारी और दया की मिसाल रही हैं। आज, महिलाएं साइंस, एजुकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, गवर्नेंस, डिफेंस, स्पोर्ट्स और स्पेस जैसे हर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही हैं, और भारत को एक मजबूत, सबको साथ लेकर चलने वाला और डेवलप्ड देश बनाने की दिशा में बहुत बड़ा योगदान दे रही हैं। हम एक ऐसा समाज बनाते रहें जहां हर लड़की आजादी से सपने देख सके और हर महिला अपनी पूरी काबिलियत को पहचान सके। इंटरनेशनल विमेंस डे पर सभी महिलाओं को दिल से बधाई और शुभकामनाएं।*


# फार्म – 4
# (नियम 8 देखिये)

| | |
|---|---|
| 1. समाचार पत्र का नाम | रॉयल पत्रिका |
| 2. भाषा | हिन्दी |
| 3. प्रकाशन का स्थान | जयपुर |
| 4. प्रकाशन की अवधि | दैनिक |
| 5. मुद्रक का नाम | श्रीराम ऑफसेट |
| (क्या भारतीय नागरिक है ?) | हाँ |
| पता | 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर |
| 6. प्रकाशक का नाम | मुन्ना खान |
| (क्या भारतीय नागरिक है ?) | हाँ |
| पता | 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरवाड़ा, रामगंज बाज़ार, जयपुर |
| 7. संपादक का नाम | मुन्ना खान |
| (क्या भारतीय नागरिक है ?) | हाँ |
| पता | 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरवाड़ा, रामगंज बाज़ार, जयपुर |
| 8. उन व्यक्तियों का नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों | आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्रा. लि. 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरवाड़ा, रामगंज बाज़ार,जयपुर |

मैं मुन्ना खान एतद द्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिये गये विवरण सत्य हैं।

ह.
दिनांक : 09 मार्च 2026
मुन्ना खान
प्रकाशक के हस्ताक्षर


मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com